Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 204 | शनिवार, 26 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### भारत ने दिखाया बड़ा दिल तो पटरी पर आए रिश्ते

# समुद्र सुरक्षा-हिंद महासागर में शांति के लिए काम करेंगे भारत-मालदीव



नई दिल्ली।

दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में दिखी गर्मजोशी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि चीन के करीबी माने जाने वाले मुइज्जू, 'इंडिया आउट' अभियान चलाकर 2023 में देश की सत्ता पर काबिज हुए थे। उनके पद संभालने के बाद उनकी सरकार की कुछ शुरूआती नीतियों के कारण देशों के ऐतिहासिक रूप से मधुर रहे संबंधों में कड़वाहट आ गई थी। भारत और मालदीव व्यापार, रक्षा, बुनियादी ढांचा, समुद्री सुरक्षा साझेदारी, हिंद महासागर क्षेत्र में शांति-समृद्धि और स्थिरता कायम करने जैसे अहम मुद्दों पर सहयोग और बढ़ाने पर सहमति जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बीच शुक्रवार को हुई वार्ता में यह सहमति बनी है। भारत के तट से करीब 1516 किलोमीटर दूर हिंद महासागर में बसा द्विपीय देश मालदीव समुद्री सुरक्षा के लिहाज से भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। वार्ता के बाद पीएम मोदी ने कहा, भारत और मालदीव के संबंधों की जड़ें इतिहास से भी पुरानी और समुद्र जितनी गहरी हैं। सभी भारतीयों की ओर से मैं राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और मालदीव की जनता को स्वतंत्रता की 60वीं ऐतिहासिक वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए मैं राष्ट्रपति के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। पीएम मोदी, शनिवार को मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

रिश्तों में कड़वाहट यहीं नहीं थमी। मुइज्जू के कई जूनियर मंत्रियों ने पीएम मोदी को लेकर ऐसी टिप्पणियां की जिनसे संबंध और खराब हो गए और भारतीय पर्यटकों ने मालदीव के बहिष्कार के घोषणा कर दी। हालांकि, संबंधों में तनाव के बावजूद मालदीव की आर्थिक स्थिति बिगड़ने पर भारत लगातार ऋण सुविधा देकर उसकी मदद करता रहा। भारत के इस तरह बड़ा दिल दिखाने के कारण दोनों देशों के संबंध फिर से पटरी में आने में मदद मिली। मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का प्रमुख समुद्री पड़ोसी है और रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों सहित समग्र द्विपक्षीय संबंधों में माले की पिछली सरकारों के तहत वृद्धि देखी गई।

## सार संक्षेप

### अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ अधिवक्ताओं ने की नारेबाजी



नई दिल्ली।

शुक्रवार को बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने गेट नंबर तीन पर प्रदर्शन किया। इस दौरान अध्यक्ष और सचिव ने कहा कि भागवताचार्य की अशोभनीय टिप्पणी को लेकर महिला अधिवक्ताओं में ही नहीं बल्कि पूरा महिला समाज आहत और दुखी है। वृंदावन के भागवताचार्य अनिरुद्धाचार्य द्वारा महिला समाज के खिलाफ की गई अशोभनीय टिप्पणी पर अधिवक्ताओं में नाराजगी है। शुक्रवार को कचहरी के गेट नंबर दो पर अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा और सचिव शिव कुमार लवानिया ने बताया कि वृंदावन के भागवताचार्य की टिप्पणी को लेकर महिला अधिवक्ताओं में आक्रोश है। सोमवार को कोर्ट में भागवताचार्य के खिलाफ मुकदमा दायर किया जाएगा।

### ट्रंप और फेड प्रमुख पॉवेल के बीच कैमरे पर बहस, वीडियो वायरल



नई दिल्ली।

वॉशिंगटन डीसी में फेड की निमार्णाधीन इमारत के दौरे के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फेड प्रमुख जेरोम पॉवेल के बीच तीखी बहस का वीडियो सामने आया है। ये बहस फेड की बिल्डिंग के नवीनीकरण खर्चों को लेकर हुई, जो कैमरे पर लाइव रिकॉर्ड हुई। वीडियो में देखा गया कि ट्रंप ने अधिक खर्च का दावा किया, तो पॉवेल ने कहा कि ट्रंप ने एक पुरानी इमारत को भी जोड़ा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फेडरल रिजर्व (अमेरिका के केंद्रीय बैंक) के प्रमुख जेरोम पॉवेल के बीच बहस का एक वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार सामने आ रहा है। यह बहस फेड की बिल्डिंग के नवीनीकरण खर्चों को लेकर हुई, जो कैमरे पर लाइव रिकॉर्ड हुई। यह पूरी घटना गुरुवार को उस समय हुई जब ट्रंप और पॉवेल वॉशिंगटन डीसी में फेड की निमार्णाधीन इमारत का दौरा कर रहे थे। वीडियो में देखा जा सकता है कि इमारत के दौरे के दरमियान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और जेरोम पॉवेल दोनों ने सफेद हेलमेट और सूट पहन रखे थे। बता दें कि यह पहली बार है जब बीते दो दशकों में कोई मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति फेडरल रिजर्व के मुख्यालय पहुंचा।

### सिंगर डेम क्लियो लेन का निधन,97 वर्ष की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा



नई दिल्ली।

लोकप्रिय इंग्लिश सिंगर डेम क्लियो लेन का निधन हो गया है। लेडी डैंकवर्थ के नाम से मशहूर सिंगर ने 97 वर्ष की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा। डेम क्लियो लेन ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। क्लियो लेन जैज की सबसे श्रेष्ठ और लोकप्रिय गायिका थीं। उन्हें अमेरिकी संगीत में ब्रिटेन का सबसे बड़ा योगदान देने वाला भी माना जाता है। क्लियो लेन की उम्र 97 वर्ष थी। वे दिवंगत जैज संगीतकार जॉन डैंकवर्थ की पत्नी थीं। डेम क्लियो लेन ने अपने दिवंगत जैज संगीतकार पति जॉन डैंकवर्थ के साथ मिलकर एक चैरिटी और वैन्यू 'द स्टेबल्स' की स्थापना की थी। चैरिटी की तरफ से शुक्रवार 25 जुलाई कहा गया कि इसके संस्थापकों में से एक और लाइफ प्रेसीडेंट डेम क्लियो का निधन हो गया। गायिका के निधन की खबर से उन्हें बहुत दुख हुआ है। 'द स्टेबल्स' की आर्टिस्टिक डायरेक्टर मोनिका फर्ग्यूसन ने कहा कि क्लियो लेन बहुत याद आएंगी। उनकी अद्वितीय प्रतिभा को हमेशा याद रखा जाएगा'। लेन का करियर अटलांटिक महासागर तक फैला हुआ था।

### इस्राइल के खिलाफ प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं



**हाईकोर्ट ने खारिज की माकपा की याचिका**

मुंबई।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने माकपा की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें गाजा नरसंहार के खिलाफ मुंबई में प्रदर्शन की इजाजत मांगी गई थी। कोर्ट ने कहा कि पार्टी को देश के अंदरूनी मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए, विदेश की घटनाओं पर नहीं। माकपा ने कोर्ट की इस टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि यह भारत के संविधान और फलस्तीन के समर्थन की पारंपरिक नीति की अनदेखी है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को माकपा की याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में मुंबई पुलिस की ओर से गाजा में कथित नरसंहार के खिलाफ प्रदर्शन करने की अनुमति न देने को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने पार्टी को सलाह दीकि वह विदेश की बजाय के देश के अंदरूनी मुद्दों पर फोकस करे। वहीं, माकपा ने कोर्ट की इस टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि इससे संविधान में दिए गए अधिकारों और फलस्तीन को लेकर भारत की पारंपरिक समर्थन की नीति की अनदेखी हुई है। यह मामला तब शुरू हुआ, जब मुंबई पुलिस ने पिछले महीने 'अखिल भारती शांति एवं एकजुटता संगठन' को दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में गाजा में कथित नरसंहार के विरोध में रैली करने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने कोर्ट में याचिका दाखिल की। जस्टिस रविंद्र घुगे और गौतम अंखड़ की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि पार्टी को देश के अंदर की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए, न कि हजारों किलोमीटर दूर की घटनाओं पर। माकपा की ओर से वकील मिहिर देसाई ने कोर्ट में दलील दी कि पुलिस ने इस आधार पर अनुमति नहीं दी कि इससे कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को तय स्थानों पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का अधिकार है और सिर्फ कानून-व्यवस्था की आशंका के आधार पर इस अधिकार से इनकार नहीं किया जा सकता।

### ट्रैक अपग्रेड का काम जारी

## ट्रेनों की बढ़ेगी गति, पटरियों के मेंटेनेंस के लिए आधुनिक मशीनों का हो रहा इस्तेमाल



नई दिल्ली।

भारतीय रेल में ट्रैक अपग्रेडेशन के मामले में बड़ा बदलाव आया है। पहले की तुलना में ट्रैक अब ज्यादा सुरक्षित और मजबूत हैं। ट्रैक की बनावट एवं क्षमता को अत्याधुनिक तकनीक से बढ़ाया गया है, जिससे ट्रेनों की गति में वृद्धि हुई है। रेलवे के कुल ट्रैक का 78 प्रतिशत से अधिक हिस्सा इस तरह अपग्रेड किया गया है कि 110 किमी प्रति घंटे या उससे अधिक की गति से ट्रेनें चल सकें। रेल मंत्रालय के अनुसार 2014 में सिर्फ 39.6 प्रतिशत ट्रैक की क्षमता 110 किमी प्रति घंटा या उससे अधिक की गति के लिए सक्षम थी। ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने के लिए रेलवे ने पिछले एक दशक के दौरान कई उपाय किए हैं। इनमें 60 किलोग्राम से अधिक वजन वाली रेल पट्टियां, चौड़े आधार वाले कंक्रीट स्लीपर एवं लंबे रेल पैनल जैसे कई तकनीकी सुधार शामिल हैं। ट्रैक मेंटेनेंस के लिए आधुनिक मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। इन सुधारों के जरिये वंदे भारत जैसी सेमी-हाई स्पीड ट्रेनों को 160 किमी प्रति घंटा से भी ज्यादा की गति से चलाया जा रहा है। इन ट्रेनों की डिजाइन स्पीड 180 किमी प्रति घंटा है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का पहला प्रोटोटाइप तैयार हो चुका है, जो कमीशनिंग की प्रक्रिया में है।

**बढ़ेगी ट्रेनों की रफ्तार**

अब यह आंकड़ा 78.4 प्रतिशत हो गया है। 110 किमी प्रति घंटा से अधिक लगभग 130 किमी प्रति घंटा की स्पीड के लिए 59,800 किलोमीटर ट्रैक तैयार है। इसी तरह 23,010 किलोमीटर ट्रैक 130 किमी प्रति घंटा से भी अधिक की गति के लिए उपयुक्त है।



### संसद में 32 घंटे ऑपरेशन सिंदूर पर अहम चर्चा सत्ता-विपक्ष के दिग्गजों की होगी गरमागरम बहस

नई दिल्ली।

- सोमवार को लोकसभा में पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा होगी

लोकसभा और राज्यसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बहुप्रतीक्षित चर्चा की तारीखें तय हो गई हैं, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित कई वरिष्ठ मंत्री हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी चर्चा में हस्तक्षेप करने की उम्मीद है। विपक्ष की मांग पर यह अहम बहस 28 और 29 जुलाई को होगी, जिसके लिए 32 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा में सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा होगी, जिसके बाद मंगलवार को राज्यसभा में भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि बहस के लिए कुल 32 घंटे, यानी प्रत्येक सदन में 16 घंटे, आवंटित किए गए हैं। रिजिजू ने कहा कि कार्य मंत्रणा समिति ने निर्णय लिया है कि सोमवार को लोकसभा में पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष कई मुद्दे उठाना चाहता है, लेकिन हम इस बात पर सहमत हुए हैं कि ऑपरेशन सिंदूर पर पहले चर्चा होगी।

## चुनाव आयोग पर कांग्रेस के आरोपों पर भड़के सुधांशु त्रिवेदी बोले- आपातकाल के 50 साल बाद भी नहीं बदली मानसिकता



नई दिल्ली।

राहुल गांधी की चुनाव आयोग को दी गई चेतावनी पर पलटवार करते हुए भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर बेबुनियाद आरोप लगाना दर्शाता है कि 50 साल पहले आपातकाल जैसी मानसिकता अब भी बरकरार है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए चुनाव आयोग पर बेतुके आरोप लगाने के लिए कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह संवैधानिक संस्थाओं को चुनाव जीते या नहीं के आधार पर मान्यता देने की उनकी ₹मानसिकता₹ को दर्शाता है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल लगाने के फैसले का जिक्र करते हुए, जिसने संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता को काफी सीमित कर दिया था, सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की मानसिकता नहीं बदली है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि चुनावों के मामले में, कांग्रेस, इंडिया गठबंधन और खासकर राहुल गांधी बेतुके आरोप लगा रहे हैं। यह उस मानसिकता को दर्शाता है कि आपातकाल के 50 साल बाद भी मानसिकता नहीं बदली है। अगर इंदिरा जी कहती थीं कि संवैधानिक संस्थाओं की मान्यता इस आधार पर तय होगी कि वे चुनाव जीती हैं या नहीं, तो आज राहुल गांधी कहते हैं कि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता इस आधार पर तय होगी कि वे चुनाव जीते हैं या नहीं। भाजपा नेता ने वार करते हुए कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र चुनावों पर क्या-क्या कहा था।

त्रिवेदी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग पर कांग्रेस के आरोपों की कड़ी आलोचना की और कहा कि उनके अपने पूर्व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और महाराष्ट्र के प्रभारी (2018–2024), आशीष दुआ, कुछ और ही लिखते हैं।

## संपादक की कलम से

# मील पत्थर है व्यापार समझौता

भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता एक उदाहरण, एक नमूना बन सकता है, क्योंकि भारत अमरीका और यूरोपीय संघ के साथ भी ऐसे ही समझौतों पर बात कर रहा है। आज भारत विश्व की चौथी और ब्रिटेन छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। ऐसे देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौता आपसी कारोबार, उद्योग, उत्पादन, निवेश और रोजगार के क्षेत्रों में मील पत्थर साबित हो सकता है। भारत और ब्रिटेन के द्विपक्षीय आधार पर बाजार खुलेंगे,


ललित शर्मा
संपादक

लिहाजा उनके उत्पादों को एक बड़ा बाजार हासिल होगा। दोनों देशों के बीच फिलहाल करीब 56 अरब डॉलर का व्यापार होता है, जिसे 2030 तक 120 अरब डॉलर (10 लाख करोड़ रुपए) तक ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है। समझौते के तहत अधिकतर भारतीय उत्पादों के निर्यात को शुल्क–शून्य रखा गया है। ब्रिटेन की मशहूर स्कॉच व्हिस्की पर भारत में 150 फीसदी आयात शुल्क को घटा कर 75 फीसदी किया गया है। अगले 10 साल में इसे 40 फीसदी तक लाया जाएगा। भारत के कृषि–क्षेत्र में बासमती, अंगूर, मसाले, अल्फांसो, मछली आदि उत्पादों का निर्यात 7000 करोड़ रुपए से बढकर तीन साल में दोगुना हो जाएगा। वस्त्र पर 12 फीसदी शुल्क था, जो अब शून्य कर दिया गया है। बांग्लादेश, पाकिस्तान, कंबोडिया के वस्त्र उत्पादों पर पहले से ही शून्य शुल्क है। रत्न–आभूषण पर शुल्क 4 फीसदी था, जिसे अब शून्य कर दिया गया है। अब 8100 करोड़ रुपए का व्यापार 5 साल में दोगुना हो जाएगा। भारत अभी 8600 करोड़ रुपए के फार्मा उत्पाद ब्रिटेन को निर्यात करता है, लेकिन अगले तीन साल में तेजी आने की पूरी संभावनाएं हैं। भारत की 36 सेवा–क्षेत्रों में पहुंच बहुत आसान हो जाएगी। 400 भारतीय डॉक्टरों को भी प्रवेश मिल सकेगा। करीब 1800 भारतीय शेफ, योग प्रशिक्षक और शास्त्रीय संगीत से जुड़े प्रशिक्षकों को ब्रिटेन में सेवा देने का मौका मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि समझौते से भारत के युवाओं, पेशेवरों, किसानों, महिलाओं और उद्योगों को बहुत लाभ होगा। खासकर निर्यातकों के लिए नए रास्ते खुलेंगे। हमारे समुद्री उत्पाद, विद्युत मशीनरी, फर्नीचर, खेल सामग्री, वाद्य यंत्र और घडियां, चमड़ा/जूते, प्रसंस्कृत खाद्य, परिवहन और ऑटो, लकड़ी और कागज, फल, तिलहन, सब्जियां, अनाज, तेल, चाय, कॉफी आदि पर अब शुल्क शून्य होगा। इससे एमएसएमई उद्योगों द्वारा बनाए गए उत्पादों की ब्रिटेन के बाजारों तक आसान पहुंच संभव होगी। हालांकि डेयरी क्षेत्र में दूध, घी, मक्खन, पनीर आदि को रियायतों से बाहर रखा गया है। अनाज में गेहूं, चावल, मक्का, मोटा अनाज मसलन–ज्वार, बाजरा, रागी आदि को भी कोई रियायत नहीं दी गई है। फलों में सेब, अनानास, संतरे, अनार जैसे उत्पाद बाहरी सूची में रखे गए हैं। बहरहाल तीन साल की मशक्कत, आपसी संवाद, कारोबार की स्थितियों पर लंबे विमर्श के बाद यह समझौता संभव हो पाया है। किसी भी विकसित देश के साथ भारत का यह पहला मुक्त व्यापार समझौता है। अमरीका के साथ बातचीत अंतिम चरण में है। आम धारणा है कि भारत विदेशी वस्तुओं के आयात पर अधिक शुल्क वसूलता है। भारत की औसत शुल्क दर 17–19 फीसदी है। हालांकि कृषि उत्पादों पर 39 फीसदी तक शुल्क रहा है। इस करार के बाद ब्रिटिश उत्पादों पर 15 फीसदी से घटा कर मात्र 3 फीसदी शुल्क ही लगाया जाएगा। नतीजतन ब्रिटेन का निर्यात बढ़ेगा। भारत के 99 फीसदी से अधिक उत्पाद, ब्रिटेन के बाजार तक, शुल्क–मुक्त पहुंच पाएंगे, लिहाजा भारत का निर्यात भी बढ़ेगा। भारत ने उस देश से करार किया है, जिसका वह करीब 200 साल तक उपनिवेश रहा। गुलाम देश बनकर रहा। ब्रिटेन ने उस दौर में भारत के 45 ट्रिलियन डॉलर मूल्य के धन, संसाधन, बेशकीमती सामान लूटे और अपने देश ले गया। यह राशि आज के अमरीका की कुल 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की डेढ़ गुना है। बहरहाल आज नया भारत है और नया ब्रिटेन है। हम कई मायनों में ब्रिटेन से बहुत आगे हैं। इस समझौते से दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को विस्तार मिलेगा।

# भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता एक क्रांतिकारी कदम

भारत और ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की अंतिम स्वीकृति ने न केवल वैश्विक व्यापार जगत में हलचल मचा दी है, बल्कि भारत के आर्थिक भविष्य को भी एक नई दिशा दी है। दोनों देशों के बीच आखिरकार फ्री ट्रेड एग्रीमेंट होने का फायदा दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मिलेगा। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से संरक्षणवाद बढ़ा है, उसमें ऐसे व्यापार समझौतों की भूमिका और भी अहम हो जाती है। इस समझौते से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल अमेरिका बल्कि अन्य देशों को भी भारत की मजबूत होती स्थिति का आइना दिखाया है, जो उनकी दूरगामी एवं कूटनीतिज्ञ राजनीति का द्योतक है। इस समझौते को मौजूदा दौर में दुनियाभर में जारी बहुस्तरीय तनाव, दबाव एवं दादागिरी की राजनीति के बीच एक बेहतर एवं सूझबूझभरी कूटनीतिक कामयाबी के तौर पर देखा जा सकता है। यह छिपा नहीं है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने शुल्क के मोर्चे पर एक बड़ा द्वंद्व एवं संकट खड़ा कर दिया था। लेकिन भारत ने इस द्वंद्व के बीच झूकने की बजाय नये रास्ते खोजे हैं। निश्चित ही यह व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) महज एक कागजी करार नहीं, बल्कि ह्यविकसित भारत 2047ह्ल के स्वप्न को मूर्त रूप देने की ठोस रणनीति है। जहां एक ओर यह समझौता 99 प्रतिशत टैरिफ को समाप्त कर वस्त्र, चमड़ा, समुद्री उत्पाद, कृषि व रत्न-आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को नई उड़ान देगा, वहीं दूसरी ओर छोटे उद्यमों, मछुआरों और किसानों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाएगा। भारत के ग्रामीण अंचलों से हल्दी, दाल, अचार जैसे उत्पाद अब ब्रिटिश बाजारों में अपनी महक फैलाएंगे।

मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में जिस प्रकार से गुणवत्ता, प्रतिस्पर्धा और पारदर्शिता पर जोर दिया, उसी का परिणाम है यह करार। इससे यह भी सिद्ध हुआ कि अब भारत केवल बाजार नहीं, बल्कि एक निर्णायक शक्ति बन चुका है, जो अपने हितों की रक्षा करते हुए विश्व से संवाद करता है। यह समझौता सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है, यह सेवा क्षेत्र, शिक्षा, वित्तीय सेवाएं, निवेश, सामाजिक सुरक्षा, और दोहरे कराधान जैसे क्षेत्रों में भी भारतीयों के लिए नए दरवाजे खोलता है। खासकर ब्रिटेन में काम कर रहे भारतीय पेशेवरों के लिए यह राहत का संदेश है, जिन्हें सामाजिक सुरक्षा अंशदान से छूट मिल सकेगी। यह समझौता इसलिये भी महत्वपूर्ण है कि अब तक अमेरिका की ओर से पैदा किये गये किसी दबाव के आगे भारत ने झुकना स्वीकार नहीं किया और उसने भारत-ब्रिटेन जैसे नये विकल्पों को खड़ा करने और पुराने को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाये हैं। ब्रिटेन के साथ यह एफटीए एक उदाहरण है कि कैसे भारत न्यायसंगत और समावेशी व्यापार समझौते कर सकता है, जिसमें न तो अपने किसानों, न ही डेयरी क्षेत्र या छोटे उत्पादकों को नुकसान होता है। भारत ने संवेदनशील क्षेत्रों को समझौते से बाहर रखकर आत्मनिर्भरता और खाद्य सुरक्षा की अपनी नीति को बरकरार रखा है। वर्तमान में



भारत का वैश्विक व्यापार लगभग 21 अरब डॉलर है, जो इस समझौते के बाद 2030 तक 120 अरब डॉलर तक पहुँचने की संभावना रखता है। यह न केवल विदेशी निवेश को आकर्षित करेगा, बल्कि भारत की मैन्युफैक्चरिंग हिस्सेदारी को 17 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक बढ़ाने में सहायक होगा। इस करार के साथ, मोदी सरकार ने साबित कर दिया है कि जब नियोजित दृष्टिकोण, वैश्विक प्रतिष्ठा और साहसिक निर्णय साथ चलते हैं, तो भारत जैसे विकासशील देश भी वैश्विक मंच पर निर्णायक बन सकते हैं। भारत और ब्रिटेन के बीच सीईटीए के अस्तित्व में आने से एक नये आर्थिक सूर्य का उदय हुआ है, जिससे रोजगार सहित अनेक उन्नत राष्ट्र-निर्माण के अवसर सृजित होंगे। सीईटीए की संकल्पना आस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात और कुछ अन्य देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों के अनुरूप ही है। यह मोदी सरकार की भारत को 2047 तक विकसित बनाने की संकल्पना से जुड़ी रणनीति का एक हिस्सा है। मोदी सरकार ने भारत को तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने के अपने संकल्प में नये पंखों को जोड़ते हुए


ललित गर्ग

भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास को फिर से स्थापित करने तथा इसे भारतीय और विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक बनाने के लिए एक दृढ़ रणनीति अपनाई है। विकसित देशों के साथ एफटीए इस रणनीति के केंद्र में है। ऐसे समझौते व्यापार नीतियों से जुड़ी अनिश्चितताओं को दूर करके निवेशकों का विश्वास बढ़ाते हैं। पिछली यूपीए सरकार ने भारत के व्यापारिक दरवाजे प्रतिद्वंद्वी देशों के लिए खोलकर भारतीय व्यवसायों को खतरे में डालने वाला रवैया अपनाया था, लेकिन अतीत की उन बड़ी भूलों को सुधारा जा रहा है, जो नये भारत-विकसित भारत का आधार है। मोदी के मेड इन इंडिया संकल्प की दृष्टि से यह डील बेहद अहम है। इससे करीब 99 प्रतिशत निर्यात यानी यहां से ब्रिटेन जाने वाली चीजों पर टैरिफ से राहत मिलेगी। इसी तरह ब्रिटेन से आनी वाली चीजें भारत में सस्ती मिल सकेंगी। जिससे आम लोगों को अधिक गुणवत्ता वाला सामान सस्ते में सुलभ होगा और जीवनस्तर में व्यापक सुधार होगा। डील से एक बड़ा फायदा होगा टेक्सटाइल्स, लेदर और इलेक्ट्रॉनिक्स को। इनसे मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। अभी ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.8 प्रतिशत है, जबकि चीन की 28.8 प्रतिशत। इसी तरह, देश की जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग का योगदान 17 प्रतिशत है और सरकार इसे 25 प्रतिशत तक बढ़ाना चाहती है। इस तरह की डील से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय, दोनों स्तर पर प्रदर्शन में सुधार होगा। कृषि सेक्टर को भी उन्नत बनाने एवं अधिक उत्पाद की दृष्टि से व्यापक फायदा होगा। इसके लिए इस समय भारत की बातचीत अमेरिका से भी चल रही है। लेकिन वहां कृषि और डेयरी प्रॉडक्ट्स को लेकर रस्साकशी है। अमेरिका इन दोनों क्षेत्रों में खुली छूट चाहता है, जबकि अपने लोगों के हितों को देखते हुए भारत ऐसा नहीं कर सकता। ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार होने से भारत के कृषि उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। क्रांतिकारी सुधारों, नवाचार, तकनीक, कारोबारी सुगमता और प्रधानमंत्री के वैश्विक व्यक्तित्व ने भारत को एक आर्थिक सूरज के रूप में उभारने में मदद की है, जहां विपुल संभावनाएं हैं। आज दुनिया भारत की ओर आशाभरी नजरों से देख रही है और भारत की अद्भुत विकासगाथा का हिस्सा बनना चाहती है। प्रमुख देशों द्वारा एक के बाद एक एफटीए इसी मान्यता की पुष्टि करते हैं। ब्रिटेन के साथ यह व्यापार समझौता बाजार पहुंच और प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के एफटीए वस्तुओं और सेवाओं से कहीं आगे तक सांस्कृतिक आदान-प्रदान एवं नागरिक हितों तक जाते हैं। आस्ट्रेलियाई एफटीए के साथ भारत ने दोहरे कराधान का मुद्दा सुलझाया, जो आईटी कंपनियों की परेशानी बढ़ा रहा था। ब्रिटेन के साथ समझौते का एक अहम बिंदु दोहरे अंशदान से जुड़ा है। यह ब्रिटेन में नियोक्ताओं, अस्थायी भारतीय कर्मियों को तीन वर्षों के लिए सामाजिक सुरक्षा अंशदान से छूट देता है। इससे भारतीय सेवा प्रदाताओं की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। ब्रिटेन में रहने वाले भारतीयों को अब अनेक सुविधाएं मिलेगी। साल 2014 के बाद से भारत ने मॉरिशस, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और ईएफटीए के साथ फ्री व्यापारिक समझौते किये हैं। ईएफटीए का अर्थ है यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ। यह एक क्षेत्रीय व्यापार संगठन और मुक्त व्यापार क्षेत्र है जिसमें चार यूरोपीय देश शामिल हैं- आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड। यूरोप से बातचीत जारी है, जिसे जल्द से जल्द अंजाम तक पहुंचाया जाना चाहिए। अर्थ-व्यवस्था के मोर्चे पर आने वाली चुनौतियों से निपटने में ऐसे समझौते सहायक होंगे। इस बीच, अगर भारत की अमेरिका के साथ अच्छी व्यापार डील होती है तो उससे भी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की ओर कदम बढ़ेंगे। लेकिन ब्रिटेन से समझौता केवल व्यापार नहीं, भविष्य का निर्माण है।

यह कृषि को समृद्धि, उद्योग को विस्तार, युवाओं को अवसर, और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर सशक्त करता है। निश्चित ही जहां बाजार बनते हैं अवसरों के, वहीं नीति बनती है भविष्य की नींव। भारत और ब्रिटेन के इस करार से विश्व सुनेगा अब भारत की गूंज!

## मोनिका डागा



### हरियाली तीज (छोटी तीज)

### कविता

बागों में झूला झूले सब हिल मिल नाचे गा?,
आओ सखी हरियाली तीज का उत्सव मना? ।

माता गौरा के तप से भोलेनाथ हुए थे जब प्रसन्न,
सावन शुक्ल तीज बरसा नभ से अमृत घनन घनन,
हर्षित हो सभी देवी–देवताओं ने भी बरसा? सुमन,
महेश्वर को अति प्रिय तब से हुआ ये माह सावन,
इस हरियाली तीज की महिमा सभी को सुना?,
आओ सखी हरियाली तीज का उत्सव मना? ।

सोलह श्रृंगार कर पा? शोभा सुंदर जैसे दुल्हन,
उपवास रख करें अपनी परम्पराओं का निर्वहन,
कथा कहकर चित मन करें शिव–शक्ति का पूजन,
मॉ महादेव से आशीर्वाद पाकर होवे सुख सम्पन्न,
अखंड सुहाग का वर शंकर–पार्वती से हम पा?,
आओ सखी हरियाली तीज का उत्सव मना? ।

झूमके पायल बिछियॉ चूड़ियॉ करें मीठी खनखन,
हरा परिधान व हरित श्रृंगार कर खुश हो? सुहागन,
श्रद्धा से व्रत रख क्वारी भी पा? मनभावन सजन,
सभी करें एक दूसरे का सहर्ष ₹आनंद₹ अभिनंदन,
अनुपम आशीष बड़ों का व छोटों का प्यार पा?,
आओ सखी हरियाली तीज का उत्सव मना? ।

दिखाकर हाथ सबको खुशी से झूम रहा मन,
आया रंग प्यारा मेहंदी का चटकीला मनहरन,
पति और पत्नी की सूझ–बूझ से खिलता जीवन,
अनूठा प्रेम पवित्र रिश्ता ये पवित्र रस्मों का बंधन,
सप्तपदी के गठबंधन को और भी मजबूत बना?,
आओ सखी हरियाली तीज का उत्सव मना? ।

बागों में झूला झूले सब हिल मिल नाचे गा?,
आओ सखी हरियाली तीज का उत्सव मना? ।

# हाउस अरेस्टिंग डिजिटल क्रांति का स्याह पहलू, दहशत में बुजर्ग वर्ग

डिजिटल क्रांति का स्वरूप मानवीय जीवन में एक नया और क्रांतिकारी परिवर्तन लेकर आया है। व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम ने आमजन की जीवन शैली ही बदल कर रख दी है। इस क्रांति ने देश और विदेश की दूरियों को एकदम कम कर दिया इसके अनेक लाभ तो है ही साथ ही जीवन में अनेक परेशानियां तथा दहशत को जन्म दिया है। इंटरनेट की सेवाओं से उपजा हाउस अरेस्टिंग का मायाजाल कभी एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट कभी कस्टम ऑफिसर और कभी पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को डरा धमका कर हाउस अरेस्ट कर आमजन के जिंदगी भर के जमा अति उपयोगी कोष को लूटने में लगा है इसके अलावा पीड़ित व्यक्ति का समय दहशत और डर गुजरता है मामला गंभीर है और अत्यंत चिंतनीय भी। इसका निदान तत्काल प्रभाव से किया जाना आवश्यक होगा अन्यथा हाउस अरेस्टिंग एक बड़े सामाजिक अभिशाप के रूप में सामने आने लगा है।

21वीं सदी इंटरनेट और वेब मीडिया युग की शताब्दी मानी जा रही है इसलिए सूचना के आदान-प्रदान जनमत तैयार करने विभिन्न क्षेत्रों और संस्कृति को आपस में जोड़ने तथा भागीदार बनाने में सोशल नेटवर्किंग एक बेजोड़ उपकरण की तरह उभरी है। सोशल नेटवर्किंग साइट आज स्टेटस सिंबल भी बन गई है। इसमें जितनी अच्छाइयां हैं दूसरी तरफ उतनी ही बड़ी परेशानी का सबब भी है। आज इस युग में सोशल मीडिया ने विश्व के लोगों को जोड़कर एक ऐसे नए नागरिक का जन्म किया है, जो स्वयं तो जागरूक है दूसरों को भी जागरूक कर रहा है पर इससे बच्चे ही आने आने वाली पीढ़ी के नागरिक मानसिक द्वंद और वयस्क दुनिया में अचानक प्रवेश कर जाते हैं। इसके अलावा मानसिक रोगों को जन्म देने वाली भी यह एक बड़ी मशीन है। आज गांव से लेकर शहर तक हर आदमी सोशल मीडिया के प्रयोग से ग्रसित है और मानसिक संतुलन खोने की स्थिति तक पहुंच चुका है। परिवार के अभिभावकों द्वारा बच्चों से मोबाइल छीन लेने पर बच्चों के आत्महत्या के प्रकरण में बहुत ज्यादा इजाफा हुआ है। वर्तमान में सोशल नेटवर्किंग साइट इंटरनेट का एक अभिन्न हिस्सा है जिसका उपयोग विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जा रहा है। यह एक ऑनलाइन मंच है जो सार्वजनिक प्रोफाइल बनाने तथा वेबसाइट पर उपयोगकताओं के साथ सहभागी होने की अनुमति देता है। फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, लिंकडेंन, इंस्टाग्राम और न जाने कितने ऐसे साइट्स हैं जो दुनिया भर के लोगों को एक दूसरे से अनायास जोड़ देते हैं। इंटरनेट के जरिए विश्व के अनेक देशों की दूरियां पलक झपकते खत्म हो जाती है। वैश्विक नागरिक जन अब इंटरनेट मीडिया नामक एक आभासी देश के नागरिक बन चुके हैं। फेसबुक का आविष्कार 2004 में और ट्विटर का आविष्कार 2006 मे हुआ है। फेसबुक के निमार्ता मार्क जुकरबर्ग ने फेसबुक का निर्माण कर दुनिया में तहलका मचा दिया है। फेसबुक का इस्तेमाल विश्व के अरबों लोगों द्वारा किया जाता है। यह


संजीव ठाकुर

दुनिया का सबसे लोकप्रिय साइट है। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम के बड़े उपयोगकर्ता भारत में निवास करते हैं। आंकड़ों की मानें तो भारत में ही 350 मिलियन सोशल नेटवर्किंग के ग्राहक हैं, और 2023 में इनकी संख्या 450 मिलियन होने की संभावना है। एक गणना के अनुसार भारत में लोग सोशल मीडिया पर 24 घंटे गुजारते हैं जबकि भारत से समृद्ध देश जापान के लोग केवल 47 से 50 मिनट तक की सोशल मीडिया पर उपस्थित रहते हैं। सोशल मीडिया नेटवर्किंग कोई भी सकारात्मक रूप से लें इसके बहुत फायदे हैं, इसके फायदे की जद में न सिर्फ बच्चे बल्कि शिक्षक, व्यवसाई, न्यूजपेपर, मीडिया चैनल आदि भी हैं जिसका परिणाम सोशल मीडिया एक विशाल नेटवर्क बन गया है ये पूरे विश्व को जोड़कर रखने में सक्षम है। इसके अलावा यह संचार का अच्छा माध्यम होने के साथ-साथ बहुत तेज गति से सूचनाओं का आदान-प्रदान भी करता है। भौगोलिक तथा सांख्यिकी रूप से विशाल देश भारत में जन जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए इसको अभियान की तरफ अपनाया गया है। इसके अलावा यह रोजगार प्रदान करने वाला माध्यम भी बन गया है। यह शिक्षा तथा ज्ञान का एक विशिष्ट माध्यम बन गया है। एक झटके में एक क्लिक से विश्व की कोई भी जानकारी इसमें तत्काल उपलब्ध हो जाती है। सोशल नेटवर्किंग का सबसे ज्यादा फायदा कोविड-19 के संक्रमण काल में करुणा की महामारी को रोकने के लिए इस संबंध में बचाव कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए हुआ है। अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, कनाडा, इजराइल, ऑस्ट्रेलिया जैसे सक्षम देश में महामारी से लाखों लोगों की मौत हुई किंतु सोशल नेटवर्किंग के बलबूते पर भारत शासन ने कोविड-19 की महामारी में विशाल जनसंख्या के होते हुए भी प्रभावी नियंत्रण पा लिया है। सोशल नेटवर्किंग की इस सदी की सबसे बड़ी मानवीय सहायता है। भारत देश के अच्छे कार्यों तथा चीन और पाकिस्तान के गलत तरीके से भारत की सीमा में घुसने के समाचारों को सोशल नेटवर्किंग से प्रचारित प्रसारित कर भारत को वैश्विक समर्थन आप करने में सोशल मीडिया का बहुत बड़ा सहयोग रहा है। भारत के प्रधानमंत्री वैश्विक स्तर पर दूसरे नंबर के सर्वाधिक लोकप्रिय व्यक्ति भी सोशल मीडिया के कारण ही बने हैं। पर यदि सोशल मीडिया के नकारात्मक पहलू पर अपन चर्चा ना करें तो यह बात अधूरी रह जाएगी, सोशल मीडिया का ज्यादा प्रयोग मानव मस्तिष्क को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है, जिससे व्यक्ति के डिप्रेशन में जाने की संभावना हो सकती है। सोशल मीडिया साइबर क्राइम को बढ़ावा देता है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है यहां हर संप्रदाय तथा धर्म के लोग निवास करते हैं ऐसे में सोशल मीडिया फर्जी न्यूज तथा भड़काऊ भाषण फैलाने में एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे देश में स्थिरता एवं सांप्रदायिक दंगे फैलने की संभावना बलवती होती है।

# गिरती छतें, गिरती जमीरः झालावाड़ हादसा और हमारी व्यवस्था की नींव में छुपी मौत

राजस्थान के झालावाड़ जिले में एक सरकारी स्कूल की छत गिर गई। और उसके नीचे दबकर कुछ मासूम टाबर झ्र वो बच्चे जिनकी आँखों में सपने थे, जिनकी किताबों में भविष्य था झ्र हमेशा के लिए खामोश हो गए। किसी ने कहा, ये एक हादसा था। मगर जिन लोगों की ज़िंदगियाँ मिट्टी में मिल गईं, उनके लिए यह हादसा नहीं था। यह हत्या थी। और कातिल हम सब हैं झ्र चाहे सरकारी सिस्टम हो, प्रशासन, ठेकेदार, या समाज। हमारा समाज कब इतना संवेदनहीन हो गया कि एक स्कूल की छत गिर जाने की खबर पर भी सिर्फ सोशल मीडिया पर ह्यश्रद्धांजलिह्ल और ह्यदुःखदह्ल लिखकर आगे बढ़ जाता है? क्या हमने इतनी जल्दी सीख लिया है, बच्चों की मौत को ह्यन्यू नॉर्मलह्ल की तरह स्वीकार करना? हर ईंट एक गवाही देती है कि इस स्कूल की छत कमजोर नहीं थी–उसकी नींव में ही भ्रष्टाचार घुला था। बिल्डिंग के नक्शे से लेकर निर्माण सामग्री तक, हर कदम पर कोई न कोई ईमानदारी से भागा। और जब ईमानदारी भागती है, तब जमीर गिरती है। और जब जमीर गिरती है, तब छतें गिरती हैं, मासूम दबते हैं। आप ठेकेदार हैं? आप मिस्त्री हैं? आप इंजीनियर हैं? तो आप जिम्मेदार हैं। अगर आपने रिश्वत खाई, अगर आपने सस्ती सामग्री का इस्तेमाल किया, अगर आपने आँखें मूंदी, तो आप हत्यारे हैं। और यह शब्द मैं हल्के में नहीं कह रहा। आज जो छत गिरी है, वह सिर्फ सीमेंट और सरिए की बनी नहीं थी–वह हमारे भरोसे, हमारी ज़िम्मेदारी और हमारे संविधान की आत्मा की छत थी। जब वो गिरी, तो यह संकेत था कि इस देश का लोककल्याण का वादा अब केवल कागज पर बचा है। सवाल यह भी है कि इन हादसों के बाद जांच कौन करता है? वही विभाग जिनके अधिकारियों ने निर्माण के समय आँखें मूँदी थीं? वही नेता जिनके इशारे पर टेंडर बाँटे गए थे? क्या हमने कभी देखा है कि किसी मंत्री को ऐसे हादसे के लिए इस्तीफा देना पड़ा हो? शायद नहीं। क्योंकि हमारे देश में पद की गरिमा बची है, जिम्मेदारी नहीं। झालावाड़ की घटना से पहले भी कई बार यह जमीर हिली है। मध्य प्रदेश में स्कूल की दीवार गिरने से सात बच्चे मरे थे। उत्तर प्रदेश में पुल के उद्घाटन के तीन दिन बाद ही वह टूट गया था। बिहार में अस्पताल की छत का हिस्सा गिरा और एक मरीज की मौत हो गई। यह हादसे नहीं, पैटर्न हैं। और इस पैटर्न का नाम है–ठेकेदारी तंत्र। यह तंत्र राजनीति, नौकरशाही और व्यापार का त्रिकोण है, जिसमें नीचे हमेशा जनता दबती है। और जब जनता स्कूल में पढ़ते बच्चों के रूप में दबती है, तब यह त्रिकोण त्रासदी बन जाता है। हमारा सिस्टम सिर्फ ज़िम्मेदार नहीं है, वो संवेदनहीन भी हो चला है। हर मरे हुए बच्चे पर नेता दुख जताते हैं, मुआवजे की घोषणा करते हैं, और फिर किसी अगली चुनावी रैली में व्यस्त हो जाते हैं। लेकिन एक माँ के लिए मुआवजा क्या होता है? वो बच्चा जो दोपहर की छुट्टी के बाद लौटने वाला था, वो अब सफेद चादर में लिपट कर लौटता है।


प्रियंका सौरभ

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के तत्वावधान में किसान गोष्ठी आयोजित की

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**नूरपुर :** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के तत्वावधान में नुरपुर ब्लॉक क्षेत्र के शहबाजपुर में स्थित एक वेंकट हाल में आयोजित किसान गोष्ठी में क्षेत्रीय समस्याओं पर गंभीर मंथन हुआ।

पंचायत के मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामचरण सिंह एवं संचालन भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के नूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम कुमार ने किया। किसान गोष्ठी में मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि संगठन में ही ताकत है अगर इस क्षेत्र के क्षेत्र वासियों ने एकत्र होकर धामपुर शुगर मिल पर प्रदर्शन ना किया होता तो आज क्षेत्र को चांगीपुर शुगर मिल ना मिली होती जंगीपुर शुगर मिल ना लग जाए इसके लिए जनपद की अन्य शुगर मिले तो विरोध कर ही रही थी कुछ राजनेता भी लाठी लेकर विरोध कर रहे थे विरोध में जब आप धामपुर में प्रदर्शन कर रहे थे तो लाठी लेकर कुछ बड़े नेता और उनके परिवार के लोग आंदोलन कार्यों का विरोध करने का काम कर रहे थे इसलिए यदि आप चाहते हो कि किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाया जाए तो संगठित रहना होगा आज अमेरिका भारत में कृषि व्यापार करना चाहता है अमेरिका कृषि बाजार को अपने कब्जे में करना चाहता है दूध के लिए व्यापार करने हेतु भी अमेरिका लगातार लगा हुआ है सरकार को भारत के किसानों के हितों का ध्यान रखते हुए अमेरिका के साथ खेती संबंधित समझौता नहीं करना चाहिए। इस गोष्ठी में दर्जनों गांवों से सैकड़ों किसान और ग्रामीण शामिल हुए। जिन्होंने शिक्षा, कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर चिंतन- विचार किया। गोष्ठी में प्रमुख रूप से निजी विद्यालयों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि और लगातार पाठ्यक्रम में अनावश्यक बदलावों को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। पंचायत में जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही, चांदपुर तहसील अध्यक्ष राकेश प्रधान, संजीव चौधरी (लज्जावती पेट्रोल पंप वाले), समरपाल, अतुल नितेंद्र प्रधान, जयपाल सिंह भगत, देवेंद्र यादव ललित चौहान, राकेश प्रधान, गजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सत्येंद्र, संजय लाला विक्रम सिंह, नरेश कुमार, सुभाष, महेश कुमार, उमेश प्रधान मोरना, अनिल चौहान, सतीश कुमार, बंटी चौहान महेश कुमार, चौधरी यशवीर सिंह, आदि किसान मौजूद रहे।


# लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास )ने कामरान आमिर को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी राम विलास के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कामरान आमिर ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो ने जो उन्हे जिम्मेदारी सौंपी हैं उसे वह पूरी ईमानदारी के साथ निभायेंगे। रामपुर में शीघ्र ही नई कार्यकारिणी का गठन कर जनता के बीच पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का काम किया जायेगा। कामरान आमिर ने प्रेस को जारी बयान में रामपुर में पार्टी की नीतियों को जनजन तक पहुंचाने का काम किया जायेगा। उन्होने कहा कि रामपुर में गरीब अवाम को साथ लेकर उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर शासन व प्रशासन तक पहुंचाने का काम किया जायेगा ताकि पीड़ितों को इंसाफ मिल सकें। उन्होने कहा कि केन्द्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार हर जरूरतमंद की मदद करने में लगी हैं इसी कड़ी में हमारी पार्टी सत्ता में रहकर गरीबों, मजलूमों, किसानों की समस्याओं को दूर कर रहीं है। उन्होने कहा कि रामपुर पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए शीघ्र ही जिला कमेटी व तहसील कमेटियों का गठन कर युवाओं को जिम्मेदारी सौंपीर जायेगी।

# पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा ड्रोन संचालकों को दिये गये दिशा-निर्देश



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** जन-सामान्य एवं प्रिन्ट मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आया है कि जनपद रामपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि में ड्रोन उड़ाने तथा ड्रोन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जासूसी कर दहशत फैलाने एवं चोरी की घटनाओं को अन्जाम दिया जा रहा है, जिसके कारण जनपद रामपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शान्ति व्यवस्था भंग होने की प्रबल सम्भावना बनी हुई है ।इस कयास पर यथाशीघ्र अंकुश लगाया जाना अति आवश्यक है । जनपद रामपुर क्षेत्रान्तर्गत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिन व्यक्तियों के पास ड्रोन हैं वह व्यक्ति अपने-अपने ड्रोन एवं अपनी व्यक्तिगत सूचना मय आधार कार्ड सहित संबंधित थाने पर 03 दिन के अन्दर दर्ज करा दें ।03 दिन के बाद गहनता से जांच करायी जायेगी ।यदि निर्धारित अवधि 03 दिवस के बाद किसी भी व्यक्ति पर ड्रोन होना पाया जाता है तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध वास्तविक तथ्य/सूचना को छिपाने का दोषी मानते हुए संबंधित थाने के माध्यम से विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी । जिसमें 5,00,000/- (पांच लाख रुपए) का जुमार्ना भी शामिल है ।जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं संबंधित व्यक्ति का होगा ।

# यूनिवर्सल एकेडमी में मनाया गया कारगिल विजय दिवस




वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर :** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कारगिल विजय दिवस पर वीर जवानों के बलिदान और उनके शौर्य को याद किया गया। इस अवसर पर कक्षा 7 के विद्यार्थियों ने मां भारती की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को नमन किया और शहीदों की याद में पहलगाम की घटना को अपने अभिनय के द्वारा लघु नाटिका के रूप में प्रस्तुत किया। जिसे देखकर सभी भाव विभोर हो गए। शहीदों की स्मृति में भाषण के साथ-साथ नृत्य व गीतों की भी सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। इन कार्यक्रमों के माध्यम से उन शहीद लोगों को याद किया गया जो कारगिल युद्ध में शहीद हो गए थे ।इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदानों को याद किया ।सभी को देशभक्ति की भावना जागृत करने की सीख दी और बताया कि देश में शांति व अमन को कायम रखने में हमारे देश के सैनिक मुख्य भूमिका निभाते हैं। उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने भी कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि हमें इन वीरों के बलिदान को कभी भूलना नहीं चाहिए और अपने देश के जवानों का सम्मान करना चाहिए।

# रामपुर जिला कारागार के बाहर विद्यालय में प्रवेश दिलाकर शिक्षा गृहण कराई जा रहीं हैं



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** जिला कारागार में निरूद्ध महिला सिद्धदोष बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को कारागार के बाहर विद्यालय में प्रवेश दिलाकर शिक्षा गृहण कराई जा रहीं हैं।

जेल अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि हाईकोर्ट में योजित क्रिमिनल मिस्लेनियम बेल एप्लीकेशन के अनुपालन में रामपुर जिला कारागार में निरूद्ध महिला बंदी बबली पाठक पत्नि विनय पाठक एवं रेशमा पत्नि रिजवान के साथ रह रहे बच्चे यश पाठक व इमरान का शिक्षा प्राप्त करने के लिए पुलिस मार्डन स्कूल में कक्षा प्रथम व एलकेजी में प्रवेश कराया गया हैं। बच्चो के स्कूल में प्रवेश कराये जाने में पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया हैं और उनके बच्चों को शिक्षा शुल्क से मुक्त रखा गया हैं। उक्त दोनों बच्चों को 24 जुलाई से शिक्षा ग्रहण करने के लिए कारागार सुरक्षा में विद्यालय भेजा जा रहा हैं। उन्होने बताया कि रामपुर जिला कारागार में महिला बंदियों को सरकार द्वारा दी जा रहीं हर मूलभूत सुविधा दी जा रहीं हैं। जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों की शिक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा हैं।

# नहर में डूबने से युवक की मौत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर मंडावली थाना क्षेत्र के चंदक हेड के पास एक दर्दनाक हादसे में 24 वर्षीय युवक कामेश पुत्र यशपाल की नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक योगानुकूल कृषि फार्म भागूवाला में मजदूरी करता था। घटना बुधवार दोपहर लगभग 11:30 बजे की है जब कामेश अपने साथियों अनिल और चिंटू के साथ खेत की सिंचाई के लिए नहर से पानी खींच रहा था। गर्मी के चलते तीनों ने नहर में नहाने का फैसला किया। कामेश ट्रैक्टर की छत से कूदते वक्त संतुलन खो बैठा और संभवतः गर्दन या सिर में चोट लगने से बेहोश होकर डूब गया। साथी युवक उसे नहाता समझकर चले गए। जब वह दोपहर तक नहीं लौटा तो परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन रात तक सफलता नहीं मिली। गुरुवार सुबह दोबारा शुरू किए गए तलाशी अभियान में शव घटनास्थल से करीब 500 मीटर दूर बरामद हुआ। शव मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में कोहराम मच गया। आक्रोशित लोगों ने शव को योगानुकूल कृषि फार्म के सामने रखकर फार्म इंचार्ज को बुलाने की मांग की। मौके पर थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह, चौकी इंचार्ज संजय यादव, एसआई योगेंद्र सिंह एस आई देवपाल व भारी पुलिस बल तैनात रहा ।फार्म इंचार्ज और मृतक के परिजनों के बीच हुई वार्ता मे शर्तों के तौर पर समझौता हुआ इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना अध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण की पुष्टि की जाएगी। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# समाजवादी नेता रेहान खान ने विकलांग बच्चों को ट्राई साइकिल भेंट की, कहा– सेवा ही उद्देश्य

मोहम्मद असलम



**पलिया कला खीरी।** पलिया विधानसभा 137 पलिया नगर स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश रेहान खान खान के आवास पर आदिवासी क्षेत्र के दो विकलांग बच्चे पहुंचे। जिनको प्रदेश सचिव रेहान खान तथा डॉक्टर ए के अवस्थी ने संयुक्त रूप से ट्राई साइकिल दी ।रेहान खान पिछले कई वर्षों से बलिया विधानसभा क्षेत्र में विकलांग विधवा असहाय लोगों की मदद करते नजर आ रहे हैं। रेहान खान का यह सेवा भाव क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है ।रेहान खान ने कहा कि पलिया विधानसभा क्षेत्र की जनता हमारे परिवार की तरह है किसी को भी अगर किसी चीज की आवश्यकता है तो वह मुझे जरूर अवगत कराए। सपा प्रदेश सचिव रेहान खान ने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार फेल साबित हुई है वह बेटिया इस सरकार में सुरक्षित नहीं है और भाजपा सरकार सिर्फ हिन्दु मुसलियों के बीच में खाई खोदने का काम कर रही है हर कमजोर वर्ग चाहे किसान हो या नौजवान ही या व्यापारी हो चाहे मजदूर हो इस सरकार से सभी लोग पस्त है आने वाला कल 2027 भी समाजवादी पारी को पूर्ण बहुमत की सरकार होनी है रेहान खान ने कहा आप लोग 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में अपना योगदान अवश्य दें। यदि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है तो हम लोग क्षेत्र के लिए इससे ज्यादा लोगों के काम आएंगे और आप लोगों के लिए मेरे दरवाजे हमेशा खुले हैं। हमें उम्मीदें कि यदि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश में बनती है। तो समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आम जनमानस के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाकर लोगों की मदद करने का कार्य करेंगे। इस मौके पर डॉक्टर ए के अवस्थी महिला विधानसभा अध्यक्ष अनु चौधरी जगरानी बीडीसी सेवाराम रचना राणा फैजान आदि मौजूद रहे।

# थाना खजुरिया पुलिस द्वारा 15 वर्षीय मानसिक रुप से विक्षिप्त बच्ची के परिजनों को तलाश कर सकुशल उनके सुपुर्द किया गया



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** यूपी-112 पर सूचना प्राप्त हुई कि एक 15 वर्षीय बच्ची जो मानसिक रुप से विक्षिप्त है, स्कूल से घर वापस जाते समय रास्ता भटक गयी है तथा अपने घर न जाकर ग्राम मंसूरपुर पंहुच गयी है । उक्त सूचना पर यूपी-112 व थाना खजुरिया पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए तत्काल मौके पर पंहुचकर उक्त बच्ची को थाना खजुरिया पर लाकर आगन्तुक कक्ष मे म0आ0 की निगरानी मे बैठाया गया । बच्ची को सूक्ष्म जलपान कराकर सांत्वना देते हुए उसके माता-पिता का नाम व पता पूछा गया तो बच्ची अपने माता-पिता का नाम व पता सही ढंग से नही बता सकी । स्थानीय पुलिस द्वारा उक्त बच्ची का फोटो लोगो को दिखाते हुए बच्ची के परिजनों के बारे मे जानकारी कर बच्ची के पिता से सम्पर्क कर बच्ची को सकुशल उसके माता-पिता के सुपुर्द कर थाना स्थानीय से रुखसत किया गया । बच्ची के परिजनों द्वारा थाना खजुरिया पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी ।

# गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के कुलपति सचिन माहेश्वरी का उद्बोधन सुनते छात्र : आकाश शास्त्री

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर :** ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के प्रथम शिक्षण सत्र के उद्घाटन अवसर पर गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के कुलपति प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी ने लाइव यूट्यूब चैनल के माध्यम से स्नातक में नव प्रवेशित छात्र- छात्राओं को संबोधित किया। इस अवसर पर 300 से अधिक छात्र- छात्राओं ने कुलपति महोदय का उद्बोधन सुना। कुलपति प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं 26 जुलाई से प्रारंभ हो रही है। विद्यार्थी प्रतिदिन अपनी क्लास अटेंड करें। इस अवसर पर कालेज निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री ने भी स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कॉलेज में सभी विषय के अध्यापक मौजूद हैं विद्यार्थी प्रतिदिन कॉलेज आकर शिक्षा ग्रहण करके अपने जीवन को उज्ज्वल करें। कॉलेज प्राचार्य डॉ अशोक कुमार शर्मा ने छात्रों से शत-प्रतिशत क्लास अटेंड करने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्र की रीड होते हैं बिना पढ़े कुछ भी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि समस्त छात्र एनडीएलआई क्लब पर रजिस्ट्रेशन करके डिजिटल लाइब्रेरी से अवश्य जुडें। इस मौके पर कॉलेज के चीफ प्राक्टर डॉ आरपी सिंह, डॉ दलीप कुमार, डॉ शिवाली राजपूत, सचिन कुमार, सोनू कुमार, सुषैन बाबू शर्मा, डॉ वरुण कुमार, डॉ ओपी त्यागी, नीशु देवल, छाया राजपूत, शनि चौहान, विवेक कुमार, प्रशांत चौधरी, रुक्मिणी देवी, रुचि राजपूत, राजेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, गौरव आदि उपस्थित रहे।

# चेयरमैन फैसल वारसी को थाने में बैठाने के मामले पर स्थानीय निकाय अध्यक्ष एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने की ज़िलाधिकारी से मुलाकात

वेलकम इंडिया महमूद रजा



बिजनौर स्थानीय निकाय अध्यक्ष एसोसिएशन उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल ज़िलाधिकारी जसजीत कौर से मिला। मुलाकात का मुख्य मुद्दा नगर पालिका परिषद स्योहारा के चेयरमैन फैसल वारसी को स्योहारा पुलिस द्वारा बिना कारण थाने में बैठाए जाने और आधार कार्ड सेवाओं को लेकर उत्पन्न अव्यवस्थाएं रहीं।

प्रतिनिधिमंडल ने ज़िलाधिकारी महोदया को ज्ञापन सौंपा। डीएम जसजीत कौर ने आश्वासन दिया कि पुलिस द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई की पुनरावृत्ति नहीं होगी। साथ ही आधार कार्ड सेवाओं को लेकर पोस्ट ऑफिस के अतिरिक्त अलग एक्स्ट्रा आधार सेवा केंद्र खोलने का भी आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में चेयरमैन जलालाबाद याकूब राइन, मंडावर से चेयरमैन शान भाई, चांदपुर से शेरबाज पठान, शेरकोट चेयरमैन, किरतपुर चेयरमैन, अफजलगढ़ से वकार भाई, बढ़ापुर से डॉ. दिलशाद, नगीना से शाहनवाज खलील (जिला अध्यक्ष), स्योहारा से फैसल वारसी (मंडल अध्यक्ष) मो खुर्शीद मंसूरी [ प्रदेश महासचिव ]समेत कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विजन कॉलेज नजीबाबाद मे सेमिनार का आयोजन

वेलकम इंडिया महमूद रजा




**नजीबाबाद:** विजन कॉलेज नजीबाबाद में नये कोर्सेज की जानकारी हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया विजन कॉलेज नजीबाबाद में वर्तमान सत्र से शुरू होने जा रहे है। कोर्सेज की जानकारी हेतु एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के संरक्षक मरगूब नासिर, जिला अध्यक्ष श्री हाशिम अहमद एवं नगर अध्यक्ष श्री नौशाद सैफी के साथ सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे। सर्वप्रथम विजन कॉलेज नजीबाबाद की ओर से रिदा फातिमा, अनुशा सिद्दकी, कु० इकरा के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके पश्चात श्री अल्ताफ रजा खाँ के कुशल संचालन में सेमिनार को विधिवत शुरू किया गया जिसमें सर्वप्रथम विजन कॉलेज के निदेशक डॉ० मोहम्मद अय्यूब के द्वारा सभी अतिथियों को माल्यापर्ण करके एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं उसके उपरान्त विस्तारपूर्वक नये कोर्सेज के विषय में अपनी बात को प्रमुखता से रखा और सभी से आहवान किया कि आप ये आवश्यक जानकारी जनहित छात्रहित में दूर-दूर तक पहुंचाने का कार्य करें जिससे हमारे क्षेत्र के छात्र/छात्राओं को इसका लाभ मिल सकें। डॉ० मौ० अय्यूब ने आगे बताया कि उनके यहीं अब डी० फार्मा०, बी०फार्मा के साथ-साथ श्रीधर विश्वविद्यालय (राजस्थान) के सहयोग से विभिन्न प्रोफेशनल कोर्सेज जैसे मॉस कम्नियुकेशन, होटल मैनेजमेन्ट, फिजियोथेरेपी, लाइब्रेरियन एवं मैनेजमेन्ट के सभी डिप्लोमा एवं डिग्री स्तरीय कोर्स भी इस सत्र से विजन कॉलेज नजीबाबाद मे शुरू किये जा रहे है। रेमिनार मे मोहम्मद अशरफ, जिया अब्बास नकवी, शादाब जफर शादाब, रोहल खान, शाही अराफात, गुलजार शेख, शमीम सिद्दकी, मौ० रऊफ, मयंक कश्यप, सुहैल राजू, मोहम्मद जुनेद की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुफरान, मौ० अनवर, रिदा फातिमा, कु० अनुशा, जावेद हमीद, आकाश, धनवती एवं सुशील का विशेष योगदान रहा। कॉलेज परिसर में पौधारोपण का भी किया गया अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति और विजन कॉलेज की ओर से कॉलेज परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया गया अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के नगर अध्यक्ष नौशाद सैफी ने पेड़ पौधों का महत्व बताया की एक वर्ष हमारे कई पीढियां को छाया के साथ-साथ फल औषधि एवं इमारती लकड़ी देता है जीवन के लिए आवश्यक प्राण वायु ऑक्सीजन का मुख्य स्त्रोत ही है इसलिए हर वर्ष एक पौधा लगाना चाहिए उन्होंने बताया कि वृक्ष प्रकृति का एक महत्वपूर्ण अंग है अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका लालन-पालन करे विजन कॉलेज के डायरेक्टर मोहम्मद अयूब ने पौधारोपण अभियान को लेकर बताया कि हमारी केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हम समाज का विकास कर रहे हैं इसमें समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है उन्होंने कहा कि बहुत सारे लोग पौधे लगाते हैं लेकिन बाद में उनका ध्यान नहीं रखते इस कारण प्रतिवर्ष लाखों पौधे रोपित होते हैं लेकिन वह पौधे पल नहीं पाते है इसलिए उन्होंने सभी अध्यापक अध्यापिको छात्र-छात्राओं अभिभावकों व जनता से आहान क्या की पौध भले ही कम लगे लेकिन जो लगे उनकी जिम्मेदारी से लालन पालन करें इस अवसर पर स्कूल के विद्यालय की ओर से निदेशक डॉक्टर मोहम्मद अयूब गुफरान मोहम्मद अनवर रिदा फातिमा कुमारी अनुशा जावेद हमीद आकाश धनवती सुशील कुमार सहित मीडिया का विशेष योगदान रहा।

# रुपए की लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बे के मोहल्ला गुडवान में रुपए की लेने देने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई मारपीट में जमकर लात घूसें चले सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है। कस्बे के मोहल्ला गुडवान निवासी महिला अमरीन पत्नी दानिश ने बताया कि उसने सब्जी मंडी में स्थित एक व्यापारी से रुपए उधार लिए थे जहां पर वह अपनी फसल बेच रहा था। आरोप है कि रुपए बाकी हो जाने पर कुछ दिन बाद देने का वायदा किया था। शुक्रवार को पीड़िता का देवर बाजार में अपनी चूड़ी की दुकान पर जा रहा था तभी आरोप है कि सुनार की दुकान करने वाले पड़ोसी व्यक्ति जावेद से रुपए की लेनदेन को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी होने पर आरोपी ने अपने भाइयों के सहित परिवार की महिलाओं के साथ मिलकर पीड़िता के देवर सहित बीच बचाव करने के लिए पीड़िता के साथ भी जमकर मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला। दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# 70 प्लस के बुजुर्गों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने में जिला रहा अव्वल



मोहम्मद असलम

लखीमपुर खीर शासन के निर्देश पर खीरी सहित पूरे प्रदेश में युद्ध स्तर पर 70 प्लस श्रेणी के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने हेतु कैंपों का आयोजन किया गया, जिसमें खीरी ने एक दिन में 231 आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाकर प्रथम स्थान हासिल किया है सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देश पर 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने हेतु शासन के निर्देश पर पूरे जनपद में युद्ध स्तर पर कैंप लगाकर गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। जिसमें खीरी जनपद में 231 वृद्धजनों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के निर्देश पर इसकी मॉनीटरिंग की जा रही थी। धौरहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत एसडीएम श्रीमणि ने अधीक्षक धौरहरा डॉ रवि सिंह व डीजीएम आयुष्मान अनुज प्रताप सिंह के साथ आयुष्मान आरोग्य मंदिर भुवाभोज का निरीक्षण किया, अपने हाथों से लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरण किए। उन्होंने बताया कि जनपद में तैनात सीएचओ व एएनएम द्वारा बेहतर कार्य का प्रदर्शन किया गया है, जो सराहनी है।

# अंडरपास में पानी भरने पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** विकासखंड क्षेत्र के गांव भारसी के अंडर पास में बरसात का पानी भर जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है आरोप है की शिकायत के बावजूद भी समस्या का निस्तारण नहीं हो रहा है दर्जनों ग्रामीणों ने पानी में खड़े होकर प्रदर्शन किया और चेतावनी दी है कि अगर समस्या का निस्तारण नहीं हुआ तो रेलवे ट्रैक जाम कर आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे। शुक्रवार को खंड विकास क्षेत्र के गांव भारसी निवासी जिला पंचायत सदस्य अरविंद पवार ने गांव के दर्जनों महिला पुरुषों के साथ रेलवे ट्रैक के समीप अंडरपास में भरे पानी में खड़े होकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि कई वर्ष पूर्व रेलवे विभाग ने गांव के मुख्य रास्ते पर अंडरपास का निर्माण किया था। अंडरपास में पानी की निकासी की कोई भी व्यवस्था नहीं है। बरसात होते ही अंडरपास में पानी भर जाता है और मार्ग अवरूद्ध हो जाता है। मार्ग अवरूद्ध हो जाने से स्कूल में जाने वाले छात्र-छात्राओं की शिक्षा बाधित होती है।किसानों को अपने खेतों पर जाने सहित बाजारों में जाने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रास्ता बंद हो जाने पर ग्रामीणों सहित जनप्रतिनिधियों ने कई बार जिला प्रशासन एवं रेलवे विभाग के अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर निस्तारण की मांग कर चुके हैं। शिकायत के बावजूद भी समस्या का निस्तारण नहीं हो रहा। इस दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर समय रहते समस्या का निस्तारण नहीं हुआ तो रेलवे ट्रैक जाम कर आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान जयेन्द्र सिंह, मास्टर सुधीर पवार, मनोज, कपिल पवार, बबलू, मांगा, नीटू, संजीव, तेजपाल, महेंद्र सागर सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

# नरसिंह भगवान प्रतिमा की स्थापना



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर** : क्षेत्र के गांव नाहरसिंह में नरसिंह भगवान कि मूर्ति कि स्थापना नरसिंह कमेटी के द्वारा की गई। सुबह प्रातः काल मूर्ति की झांकी नूरपुर शिव मंदिर चौक से ग्राम तंगरोली, ठेरी, राहूनंगली के मंदिर से होते हुए गांव नाहरसिंह के नरसिंह देवता स्थल पर मूर्ति की स्थापना की गई। जिसमें नरसिंह मेला कमेटी के अशोक धनकड़, अमरपाल चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष नूरपुर, मनीष धनकड़, सचिन धनकड़, विकास सैनी, शोरभ लाम्बा, कपिल धनकड़, उत्तम सिंह, सुमेर सैनी, सतपाल धनकड़, सोनू सैनी, जितेंद्र सैनी एवं ग्राम वासी मौजूद रहे।

# पड़ोस के लोगों ने की महिला व बच्चों के साथ मारपीट



वेलकम इंडिया

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक महिला ने पड़ोस के चार लोगों पर पीड़िता के घर पर आकर गाली-गलौज करते हुए पीड़िता सहित उसके बच्चों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी महिला जैतून पत्नी अफजल ने बताया कि उसका पति बाहर गया था और वह अपने बच्चों के साथ गुरुवार की देर शाम अपने घर पर बैठी हुई थी। आरोप है कि तभी पड़ोस के चार लोग पीड़िता के घर पर आए और आते ही गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपियों ने पीड़िता के साथ जमकर मारपीट की बीच बचाव करने के लिए उसके बच्चों के साथ भी आरोपियों ने नहीं बक्शा। शौर शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित महिला ने अपने बच्चों के साथ थाने पर पहुंच कर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# .लो वोल्टेज, अघोषित कटौती भारतीय किसान यूनियन ने सौपा अधिशासी अभियंता को ज्ञापन



वेलकम इंडिया

**मोहम्मदी-खीरी।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता मोहम्मदी को ज्ञापन सोपा.किसान यूनियन के कार्यकताओं को शीघ्रा समस्या के समाधान का आश्वासन दिया.इस मौके पर आंचल सिंह जिला महासचिव संग्राम सिंह जिला उपाध्यक्ष गुरनाम सिंह अमर सिंह राजेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है, जहां झुलसने वाली भीषण गर्मी में गांव में बिजली की घोषित कटौती की जा रही है, वही गांव से लगे रिहासती क्षेत्र में बिजली की सप्लाई सुचारु तरीके से जारी है.इसके बावजूद किसानों के घर बेतहाशा बड़े हुए बिल भेजे जा रहे हैं. भारतीय किसान यूनियन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कर्मचारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया जाना चाहिए. किसानों की बिजली समस्याओं को जल्द निपटारा किया जाए, ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही कि आघोषित बिजली कटौती का समाधान किया जाना चाहिए और अघोषित बिजली कटौती की समस्या के समाधान का अश्वासन देते अधिशासी अभियंता मोहम्मदी ने कहा कि गर्मी की वजह से लोग वोल्टेज के कारण ग्रामीण क्षेत्र में जो कटौती हो रही है, इसे जल्द ही ठीक किया जाएगा।

# राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के पदाधिकारी ने अधिक पुराने विद्यालय भवनों की जगह नये भवन बनवाए जाने एवं पुराने भवनों के मरम्मत की मांग की है

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)।** राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रनजीत मीणा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रभान चौधरी द्वारा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को पत्र लिखकर प्रदेश के विद्यालयों के भवन की मरम्मत की मांग की गई है। संगठन महामंत्रीचंद्रभान चौधरी ने बताया कि मनोहर थाना झालावाड़ में एक सरकारी विद्यालय की बिल्डिंग गिरने से सात बच्चों की दर्दनाक मौत हुई है और 28 बच्चे अभी गंभीर घायल अवस्था में है जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। विद्यालय का भवन पुराना था जिसकी वजह से बिल्डिंग गिर गई और इतनी बड़ी घटना घटित हो गई। अब भविष्य में प्रदेश के अन्य विद्यालयों में ऐसी घटना की पुनरावृति नहीं हो इसलिए आवश्यक है कि शिक्षा विभाग में संचालित 50 वर्ष या उससे अधिक पुराने भवन के स्थान पर नए भवन और 30 वर्ष या उससे कम पुराने भवन की मरम्मत कराई जाए। विद्यालयों के भवन निर्माण की क्वालिटी पर जोर दिया जाए। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत सरकार से निवेदन करता है कि यह शिक्षा, शिक्षक और बच्चों से जुड़ा एक गंभीर विषय है इसको प्राथमिकता से हल किया जाए। जिन बच्चों की हादसे में मौत हुई है उन बच्चों के परिजनों को बड़ी आर्थिक सहायता की जाए व घायल बच्चों का मुफ्त इलाज हो व आर्थिक सहायता की जाए।

# कांवड़ यात्रा: औघड़नाथ मंदिर समिति ने कैंट बोर्ड सीईओ को पुष्प गुच्छ भेंट कर समस्त स्टाफ का आभार जताया

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



**मेरठ।** औघड़नाथ मंदिर समिति, कांवड़ यात्रा झ 2025 के सफल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित संचालन हेतु छावनी परिषद मेरठ (कैंट बोर्ड) के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया है। इस वर्ष कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए कैंट बोर्ड द्वारा व्यापक स्तर पर की गई व्यवस्थाएं अत्यंत सराहनीय एवं अनुकरणीय रही हैं। गुरुवार को मंदिर समिति के अध्यक्ष सतीश सिंघल एवं महामंत्री सुनील गोयल ने छावनी परिषद कार्यालय जाकर मुख्य अधिशासी अधिकारी श्री जाकिर हुसैन को पुष्प गुच्छ भेंट कर समस्त व्यवस्थाओं के लिए व्यक्तिगत रूप से आभार प्रकट किया एवं संपूर्ण टीम को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्री सिंघल ने कहा छावनी परिषद द्वारा विशेष रूप से स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, विद्युत प्रकाश, पार्किंग प्रबंधन, मार्गों की सफाई एवं नियंत्रण आदि कार्यों को सजगता, तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ सम्पन्न किया गया, उन्होंने कहा सीईओ के कुशल नेतृत्व एवं सतत निगरानी में सभी तैयारियां योजनाबद्ध रूप से संपन्न की गईं। उनकी सक्रियता एवं समन्वय के परिणामस्वरूप यह आयोजन शांतिपूर्वक एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हो सका। उन्होंने कहा सफाई अधीक्षक वी0 के0 त्यागी, सफाई निरीक्षक अभिषेक गंगवार, सफाई पर्यवेक्षकगण एवं सफाई मित्रगण द्वारा किए गए अथक प्रयासों ने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता की एक मिसाल प्रस्तुत की। पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में सहायक अभियंता पीयूष गौतम, अवर अभियंता अरविंद गुप्ता, अवधेश यादव तथा उनकी टीम का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। वहीं "स्वच्छता व्यवस्था में संविदा संस्था श्री राम कंस्ट्रक्शन" की भूमिका विशेष उल्लेखनीय रही, जिसके प्रतिनिधि सचिन गोयल के निर्देशन में कर्मचारियों ने अत्यंत निष्ठा एवं अनुशासन के साथ कार्य की सराहना की।

# एनसीआरटीसी ने भारतीय सशस्त्र बलों के कारगिल वीरों को अर्पित की श्रद्धांजलि

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार




26वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में, एनसीआरटीसी ने भारतीय सशस्त्र बलों के कारगिल वीरों को सम्मानित किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में, एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक, श्री शलभ गोयल ने शुक्रवार, 25 जुलाई 2025 को न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन पर एक कारगिल विजय दिवस स्मारक जोन का उद्घाटन किया। इस जोन में विषम तापमान और दुर्गम पहाड़ियों के बीच भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण सैन्य अभियानों में से एक, कारगिल में लड़ने वाले वीरों और उनके शौर्य और पराक्रम को दशार्या गया है। इस कार्यक्रम में कारगिल के शहीद, कैप्टन विजयंत थापर की माता श्रीमती तृप्ता थापर और पिता कर्नल वी.एन. थापर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने बेटे के जीवन और सेना में उनके कार्यकाल से जुड़े कुछ किस्से सुनाए और उनके साहस और बलिदान के बारे में व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। कैप्टन विजयंत थापर ने कारगिल युद्ध में असाधारण शौर्य और साहस का परिचय दिया और देश के लिए अपने प्राणों की कुबार्नी दे दी। उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। डिजिटल मीडिया पर उपलब्ध, अपने माता-पिता को लिखा उनका अंतिम पत्र भी देश के प्रति उनके अटूट प्रेम और समर्पण को उजागर करता है। इस अवसर पर बोलते हुए, एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक, शलभ गोयल ने कहा, ्रपूरे एनसीआरटीसी परिवार की ओर से, मैं भारतीय सशस्त्र बलों के वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। एनसीआरटीसी का प्रयास है कि नमो भारत के प्रत्येक यात्री को इस दिन के विषय में पता चले। वे इन वीरों के जीवन से प्रेरणा लें और उनमें देशभक्ति की भावना जागृत हो। युवाओं को कारगिल विजय दिवस के महत्व से अवगत कराने के लिए, छात्रों के बीच एक चित्रकला कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

# जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** दिनांक 27 जुलाई 2025 को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी / सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने *श्री वृन्दावन विद्यापीठ इंटर कॉलेज एवं परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या इंटर कॉलेज वृन्दावन* का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 51 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। उक्त परीक्षा दिनांक 27 जुलाई 2025 को प्रातः 9:30 बजे से 12:30 बजे तक होगी। जनपद में परीक्षा में 22368 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्वक, निर्विघ्न, निष्पक्षता तथा सुचितापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है। सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा चुकी है। 51 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 51 स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है। जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि दिनांक 27 जुलाई 2025 को हरियाली तीज का पर्व भी मनाया जायेगा, जिसमें भारी संख्या में श्रृद्धालु ठा० श्री बांके बिहारी जी मन्दिर वृन्दावन दर्शन हेतु पहुंचेंगे। उ०प्र० लोक सेवा आयोग के निर्देश है कि अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारम्भ होने के नियत समय से 01 घण्टे 30 मिनट पूर्व प्रवेश दिया जाएगा तथा परीक्षा प्रारम्भ होने के निर्धारित समय से 45 मिनट पहले परीक्षा केन्द्र में प्रवेश बन्द कर दिया जायेगा। प्रवेश बन्द होने के उपरान्त किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अतः दिनांक 27-07-2025 को आयोजित उक्त परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु मथुरा जनपद आने वाले समस्त परीक्षार्थियों से अपील है कि वे उपरोक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत निर्धारित समय पर अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे।

# निर्वतमान विधायक धीरज ओझा ने डिप्टी सी एम बृजेश पाठक से क्षेत्र विकास के लिए की मुलाकात

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ़ ।** उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक रानीगंज के निर्वतमान विधायक और फायर ब्रांड नेता धीरज ओझा ने शिष्टाचार भेंट कर रानीगंज क्षेत्र के विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान पर गम्भीर चर्चा की । प्रतापगढ़ की रानीगंज विधानसभा सीट से निर्वतमान विधायक रहे धीरज ओझा ने अपने कार्यकाल मे कयी विकासपरक योजना की सौगात लाकर रानीगंज को सजाने का काम किया था। लेकिन वर्तमान रानीगंज विकास मे पिछडता जा रहा था। जिसके लिए रानीगंज की जनता की उम्मीद धीरज ओझा से आमजन आस लगाए हुए थे तो वही रानीगंज को विकास मे पिछडता देख धीरज ओझा मे चिन्तित थे ।कुछ समय तक तो धीरज ओझा ने रानीगंज विधायक की कार्यशैली पर नजर रखी । लेकिन लगातार विकास से दूर जा रही रानीगंज के लिए धीरज ओझा ने सरकार के जिम्मेदार मन्त्रियो और अधिकारियो से मिल समस्याओ को सज्ञान मे लाना शुरू कर दिया । जिसका परिणाम भी सुखद आया । मन्त्रियो ने धीरज ओझा के द्वारा उठाये जा रहे मुद्दो को गम्भीरता से लेते हुए विकास मे आ रही हरेक बाधा को दूर करने का आश्वासन दिया ।रानीगंज के विकास का वो रथ जिसे धीरज से शुरू किया था कही रूकने न पाए उसी क्रम धीरज ओझा ने प्रदेश के डिप्टी सी एम बृजेश पाठक से मुलाकात कर अपनी मागो को उनके सामने उठाया। खबर है कि डिप्टी सी एम ने धीरत ओझा को निराश नही किया और उनकी मागो और सुझावो को बेहद गम्भीरता से लिया है ।

# 5.19 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



असदुल्लाह सिद्दीकी

**कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर।** कपिलवस्तु थाना पुलिस व एसएसबी 43वीं वाहिनी सीमा चौकी अलीगढ़वा की संयुक्त टीम ने बृहस्पतिवार रात चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध को पकड़ा। तलाशी में उसके कब्जे से 5.19 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ के बाद उसे कपिलवस्तु कोतवाली की पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मनोज कुमार निवासी मद्रहना उर्फ रामनगर थाना कपिलवस्तु बताया। एसएसबी से मिली जानकारी के अनुसार संयुक्त टीम बॉर्डर पर गश्त के लिए निकली थी। इसी बीच जानकारी मिली कि एक व्यक्ति बाइक से नेपाल की तरफ जा रहा है। उसके पास स्मैक है। सूचना पर टीम अलर्ट हो गई। इसी बीच एक व्यक्ति बाइक से आता दिखाई दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम मे थानाध्यक्ष बृजेश सिंह थाना कपिलवस्तु,उ0नि0 सदरुल आलमीन, विकास सिंह, उपेन्द्र प्रजापति, विपिन कुमार वर्मा, सुनील यादव, एसएसबी 43 वाहिनी बीर कुमार सिंह के साथ एसएसबी संदीप कुमार मौर्य शामिल रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू चढूंनी ने ज्ञापन देकर जताया आक्रोश , किसानों की अनदेखी का आरोप

वेलकम इंडिया



**मथुरा/महावन।** भाकियू चढूंनी के सैकड़ों कार्यकर्ता किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन देने महावन तहसील नारेबाजी करते हुए पहुंचे और किसानों की अनदेखी करने का शासन, प्रशासन पर आरोप लगा कर आक्रोश व्यक्त किया, समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर 17 अगस्त को महापंचायत का ऐलान किया। उपजिला अधिकारी कंचन गुप्ता और तहसीलदार शिवशंकर पटेल ने किसानों और कार्यकताओं के साथ तहसील सभागार में बैठकर समस्याओं को सुना और उन्हें जल्द निस्तारण करने का भरोसा दिलाया उसके बाद प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को प्रेषित दो अलग अलग ज्ञापन उपजिला अधिकारी कंचन गुप्ता को सौंपा। आगरा मंडल अध्यक्ष/प्रदेश प्रवक्ता रामवीर सिंह तोमर ने कहा किसानों की आर्थिक स्थिति खराब है, मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद भी किसानों के काम समय पर नहीं हो रहे हैं।उन्होंने मांग की सभी फसलों के लिए एमएसपी/ सी2+50 % और गारंटीकृत खरीद सुनिश्चित की जाए। कृषि यंत्रों एवम रसायनिक दवाइयों को जीएसटी से मुक्त किया जाए। जिलाध्यक्ष संजय पाराशर ने कहा किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल रहा है, कोरे आश्वासन दिए जा रहे हैं।किसानों को खाद की जरूरत को समय पर पूरा किया जाए। दाखिल खारिज, खसरा, कुड़ा बटवारे के नाम पर किसानों का उत्पीड़न हो रहा है। भ्रष्टाचार चरम पर है।जिसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा। जिला अध्यक्ष ने कहा नहर बंबा सिल्ट से अटे पड़े हैं।रवी की फसल के समय सफाई कराई जाती है जिससे किसानों को फसल के समय पानी नहीं मिलता, जनपद में अघोषित विद्युत कटौती गंभीर समस्या बनी है। पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं दी जा रही है।एफआईआर का डर दिखाकर लोगों को परेशान एवं लोगों का उत्पीड़ित किया जा रहा है।आवारा पशुओं एवं निराश्रित गौवंश खेती किसानी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। मांग की गई कि बिजली का निजीकरण न किया जाए, निजीकरण से किसानों एवं अन्य उपभोक्ताओं के हित प्रभावित होंगे। निजी नलकूपों को रात्रि में भी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अघोषित कटौती बंद की जाए, 11 केवी की जजर्र लाइनों को बदला जाए।

हीरो काका, बिल्ला सिंह, सतीश चंद्र रमेश चंद्र सिकरवार, हरिपाल सिंह परिहार, भूले सिंह, ओमवीर सिंह, श्याम सिंह परिहार, भुल्ली सिंह, ओमवीर सिंह, रामप्रकाश पुजारी, पंचम सिंह पचहरा, सोनवीर सिंह, जयपाल सिंह चौधरी, यशपाल सिंह, भरत, घनश्याम सिंह, रवि मुहम्मद, राजेंद्र सिंह, बच्चू सिंह, राजो तांगर, पंकज आदि मौजूद रहे।

# 10 लाख 30 हजार नेपाली नोट व बाइक बरामद, अभियुक्त नेपाल देश फरार

असदुल्लाह सिद्दीकी

**ककरहवा/ सिद्धार्थनगर।** एसएसबी 43वीं वाहिनी सीमा चौकी ककरहवा के जवानों ने शुक्रवार को चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। जवानों को देख बाइक सवार नेपाल भाग गया। तलाशी में उसके कब्जे से 10.30 लाख नेपाली मुद्रा बरामद हुई। बरामद रुपये के संबंध में पकड़ा गया व्यक्ति कोई जवाब नहीं दे सका। उसे कस्टम के सुपुर्द कर दिया गया। एसएसबी से मिली जानकारी के अनुसार बॉर्डर की गतिविधि जांच के तहत सीमा चौकी ककरहवा और सीमा शुल्क विभाग ककरहवा के संयुक्त गश्ती दल पिलर संख्या-544 के समीप गश्त कर रही थी। तभी उनकी नजर पगडंडी के रास्ते से आ रहे एक बाइक सवार पर पड़ी। जो संदिग्ध लगा। उसे रुकने का इशारा किया गया तो वह घबरा गया और बाइक लेकर भागने लगा। रास्ता खराब होने के कारण वह बाइक से गिर गया और छोड़कर नेपाल की तरफ से भाग गया। गश्ती दल ने बाइक की तलाशी ली तो उसकी डिक्की में से नेपाली रुपये बरामद हुए। गिनती में वह 10.30 लाख रुपये नेपाली मुद्रा थी।

एसएसबी 43वाहिनी कमांडेंट ने बताया भारत-नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये नाका, पेट्रोलिंग एवं अन्य प्रचालन गतिविधियों द्वारा 43वी वाहिनी एस.एस.बी निरन्तर प्रयासरत है एवं अवैध रूप से हो रही तस्करी के सामान, मानव तस्करी, नशीली दवा, अवैध मुद्रा व वन्य जीव और उत्पाद को जब्त किया जा रहा है तथा उसमे सम्बंधित लिप्त व्यक्तियों पर नकेल कसी जा रही है।

# ग्राम चौपाल के दौरान दो गुटों मे हुई जमकर मारपीट ,चलें लात घूसे

असदुल्लाह सिद्दीकी

**मोहाना/सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड नौगढ़ के ग्राम पंचायत खलीलपुर के पंचायत भवन पर शुक्रवार को नौगढ़ वीडियो, एडीओ पंचायत संजय पांडेय की अध्यक्षता में चौपाल लगी थी। इसमें परिवार रजिस्टर में नाम दर्ज करने को लेकर मारपीट के चार वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वीडियो में दो तीन लोग महिलाओं को मार रहे हैं। इसका प्रतिवाद महिला द्वारा भी किया जा रहा है। एक व्यक्ति बोलेरो से गालियां देते हुए हॉकी लेकर पंचायत भवन में जाता दिख रहा है। किसी ने मोबाइल से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। किसी ग्रामीण की सूचना पर पहुंची पीआरवी-112 झगड़ा कर रहे लोगों को थाने ले गई। हालांकि, वायरल वीडियो की दैनिक वेलकम इण्डिया पुष्टि नहीं करता है। नौगढ़ विकास खंड के खलीलपुर ग्राम पंचायत के सिंहोरहवा निवासी गांव श्यामवती की शोहरतगढ़ में एक जमीन है। उसी को लेकर यह मारपीट हुई है। सिंहोरहवा निवासी श्यामवती के पति की मृत्यु कई वर्ष पहले हो चुकी है। लगभग पांच महीने पहले श्यामवती की भी मौत हो गई। सिंहोरवा में श्यामवती का एक घर है। उसका कोई खेत नहीं है, लेकिन शोहरतगढ़ के पास एक जमीन है। उसी को लेकर झगड़ा हुआ है।

# भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) संगठनात्मक बैठक

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर** भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) संगठनात्मक बैठक विराट फार्म हाउस पर संपन्न हुई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष अनिल तालान ने कहां कि हमारा संगठन किसानों की लड़ाई लड़ता है किसानों के लिए हमेशा तत्पर रहता है साथ ही उन्होंने कहा कि भले बुलंदशहर में कई किसान यूनियन संगठन चल रहे किसानों की कोई बात नहीं है केवल टोलों की राजनीति करते हैं केवल हमारा संगठन किसानों की बात करता है वही उन्होंने युवा कमल पंडित को बुलंदशहर जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया सभी लोगों ने माला पहनाकर बधाई दी वहीं कमल पंडित ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है मैं उसे ईमानदारी से निभाऊंगा संगठन ने अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर संगठन मजबूत करूंगा।

# कृषि विभाग ने मथुरा में खाद की दुकान पर की छापामार कार्रवाई

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषि विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार को उर्वरक की दुकानों का निरीक्षण किया गया। वहीं टीम की भनक लगते ही कई दुकानदरों ने शटर गिरा दिए। कृषि विभाग द्वारा निरीक्षण के दौरान मथुरा के सौंख रोड पर स्थित भामसा एग्रोकेमिकल प्रतिष्ठान बंद मिला। इसके द्वारा 20 से अधिक किसानों को 15 बोरी से अधिक यूरिया की बिक्री की गई है। यूरिया की बिक्री संदिग्ध मानते हुए इनको नोटिस जारी किया गया है ।जिन किसानों को उनके द्वारा यूरिया दी गई है उसकी भौतिक जांच कराई जाएगी। वहीं कोसीकला में वंदना खाद बीज भंडार द्वारा भी 10 किसानों को 15 बोरी से अधिक यूरिया दी गई और यह जानबूझकर दुकान बंद करके चले गए। इनको भी नोटिस जारी किया गया है। अंजलि बीज भंडार खरोट कोसीकला के प्रतिष्ठान की जांच की गई उनके यहां 75 किसानों को 495 बोरी यूरिया बिक्री की गई परंतु किसी भी किसान का बिक्री रजिस्टर पर मोबाइल नंबर दर्ज नहीं था और ना ही इनके द्वारा किसानों से उनकी खतौनी ली गई थी। इसके अलावा रेट बोर्ड एवं स्टाफ बोर्ड नहीं भरा गया तथा ना ही स्टॉक रजिस्टर बनाया गया था। इनको भी नोटिस जारी करते हुए आपूर्ति प्रतिबंध की गई। शेरगढ़ में वंश खाद बीज भंडार की शिकायत कृषक द्वारा की गई कि वह यूरिया के साथ अन्य उत्पाद दे रहे हैं जिसके कारण वंश खाद बीज भंडार के लाइसेंस को निलंबित करते हुए इनकी आपूर्ति प्रतिबंध की गई।

# कांग्रेस पार्टी का भट्टा बैठाने में लगे खुद कांग्रेस नेता !

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार

**मेरठ।** देश की दुसरे नंबर की राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस के नये नये बने पदाधिकारी ही कांग्रेस के लिए सिर दर्द बन पार्टी छवि धुमिल करने के साथ साथ पार्टी को कमजोर करने में लगे हैं वरिष्ठ नेता पार्टी विरोधी नेताओं के विरुद्ध सख्त एक्शन की तैयारी कर रही है। फिलहाल में एक अखबार कार्यालय पर गुंडागर्दी के आरोप में जिलाअध्यक्ष सहित एक दर्जन पर लोगों पर सिविल लाइन थाना में मुकदमा दर्ज किया गया वहीं कांग्रेस जिलाअध्यक्ष गौरव भाटी ने बताया उनको बिना बताए कौन लोग गये उन्हें जानकारी नहीं है दुसरी तरफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने मीडिया कार्यालय पर जिन लोगों द्वारा इस प्रकार का कृत्य किया गया उनकी कठोर शब्दों में निंदा की है वहीं उनका आरोप कि कुछ पदाधिकारीयों द्वारा कांग्रेस का चोला पहन कर अपनी रोटीयां शेक रहे है और संगठन को कमजोर करने में भी लगे हैं फर्जी समाजिक संगठन तैयार कर कांग्रेस समर्थकों को गुमराह कर अपने फर्जी संगठन की आंड में एक गिरोह बनाकर गुंडागर्दी सट्टा व नशा माफियाओं से सांठ-गांठ अवैध धंधा व अवैध वसूली कर रहे है जिससे कांग्रेस पार्टी की छवि धुमिल हो रही जल्द ही ऐसे नेताओं के विरुद्ध हाईकमान को रिपोर्ट भेजी जायेगी।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव-2025 के संबंध में बैठक हुई संपन्न

वेलकम इंडिया



**मथुरा** 25 जुलाई 2025/ उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में माननीय मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग लक्ष्मी नारायण चौधरी की अध्यक्षता में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव-2025 के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र , माननीय महापौर विनोद अग्रवाल , माननीय विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, माननीय एमएलसी ओम प्रकाश सिंह , सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, माननीय मंत्री जी के प्रतिनिधि नरदेव चौधरी, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी सदर/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजीव यादव, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता सहित विभिन्न मंदिरों के प्रबंधक तथा अधिकारी मौजूद रहे। श्री कृष्ण जन्माष्टमी दिनांक 16 अगस्त 2025 को भव्यता के साथ मनाई जायेगी। 5 बड़े / मुख्य मंचो पर प्रस्तुतियां होगी, जिसमें पांचजन्य प्रेक्षागृह, ओएटी रसखान समाधि, ओएटी परसौली चंद्र सरोवर, श्री कृष्ण जन्मस्थान लीला मंच तथा ओएटी गीता शोध संस्थान वृंदावन है। 20 छोटे मंचों पर प्रस्तुतियां होगी, जिसमें पोतरा कुण्ड, महाविद्या चौराहा, श्रीकृष्ण जन्मभूमि गेट नं-3 के सामने, मसानी मुकुन्द बिहार के पास, डीग गेट सब्जी मण्डी, भूतेश्वर तिराहा, रेलवे स्टेशन माल गोदाम रोड गेट नं-2 के सामने, बीएसए कॉलेज, नया बस अड्डा, कृष्णापुरी तिराहा, गोवर्धन चौराहा, गोवर्धन थाने के पास, सलेमपुर रोड जयगुरूदेव मंदिर के पास,रेलवे स्टेशन गेट नं-3 धौलीप्याऊ, बल्देव में बस स्टैण्ड के पास, गोकुल में मन्दिर के पास, महावन चौरासी खम्बा मंदिर, नंदगांव रंगीली चौक, गोविन्द देव मंदिर के पास तथा इस्कॉन मन्दिर के पास वृन्दावन है।

# पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान कढर ने सरमथुरा , आंगई, बाडी सदर एवं बाडी कोतवाली थानों का किया निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने देर शाम जिले के सरमथुरा, आंगई, बाडी सदर एवं बाडी कोतवाली पुलिस थानों का निरीक्षण कियो इस दौरान उन्होंने थानों पर पदस्थापित थानाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों से इलाके सम्बन्धी जानकारी ली और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिऐ इसके साथ ही मालखाना, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, रिकॉर्ड रुम, मैस आदि का निरीक्षण कर थानाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिऐ इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा पुलिस थाना में आने वाले फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए तथा उसका समय से निस्तारण किया जाऐ इसके अलावा पुलिस थाने में आने वाले किसी भी फरियादी को कोई भी परेशानी ना हो इसका ध्यान रखा जाए, साथ ही उन्होंने पुलिस थाने में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए तथा थानाधिकारियों को पुलिस की गश्त व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने, आमजन से आपसी समन्वय स्थापित करने सहित आदि को लेकर भी दिशा निर्देश दिऐ।

# देव नन्दिनी टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर में चिकित्सा तकनीक के माध्यम से उत्पन्न हुए बच्चो के बीच केक काट कर मनाई खुशी

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



हापुड़ जनपद हापुड़ के देवनदी हॉस्पिटल में विश्व आई वी एफ दिवस पर क्षेत्र की जानी-मानी प्रजनन विशेषज्ञ डा० विमलेश शर्मा के संरक्षण में संचालित देव नन्दिनी टैस्ट ट्यूब बेबी सेंटर में चिकित्सा तकनीक के माध्यम से उत्पन्न हुए बच्चे और उनके माता-पिता के बीच केक काट कर मनाई खुशी मनाई गई। इस दौरान बच्चों के माता-पिता के आंखों में आंसू के साथ चेहरे पर खुशी दिखाई दी और बच्चों के माता-पिता ने डॉक्टर विमलेश शर्मा आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद कहा। तो वहीं डॉ. विमलेश शर्मा ने मीडिया से बताया कि विश्व आई वी एफ दिवस हर साल 25 जुलाई को मनाया जाता है सन् 1978 में आई वी एफ तकनीक से लुईस ब्राउन नामक प्रथम बच्ची के प्रथम सफल जन्म के बाद से प्रजनन चिकित्सा में हुई प्रगति को मान्यता दी। इन विट्रो फर्टिलाईजेशन (आई वी एफ / टेस्ट ट्यूब बेबी) उन अनगिनत दम्पतियों के लिए आशा की किरण है जो संतान की तलाश में निराशा के अँधेरे में भटक रहे हैं। बांझपन एक ऐसी स्थिति है जो 12 माह या उससे अधिक समय तक नियमित असुरक्षित यौन सम्बन्ध के बाद भी गर्भ धारण न कर पाने पर मानी जाती है। यह स्थिति पुरुष और महिला दोने के प्रजनन तंत्र में देखि जा सकती है और दुनिया भर में करोडो लोगो को प्रभावित करती है। एक नियंत्रित प्रयोगशाला में शरीर के बाहर अंडे और शुक्राणु का संयोजन किया जाता है। फिर, भ्रूण को प्रयोगशाला में ब्लास्टोसिस्ट स्तर तक विकसित किया जाता है। तत्पश्चात, इसे गर्भाशय में स्थानांतरित किया जाता है, जहाँ आरोपण और गर्भधारण की सम्भावनाये बढ़ जाती हैं। चिकित्सा क्षेत्र में आई वी एफ जैसी उन्नत तकनीक का स्थानीय स्तर पर हापुड़ में देव नन्दिनी टैस्ट ट्यूब बेबी सेंटर के माध्यम से उपलब्ध होना किसी आशीर्वाद से कम नहीं है, जहाँ पिछले 10 वर्षों में सफलता की अनेको कहानियां लिखी जा चुकी है। देव नन्दिनी टैस्ट ट्यूब बेबी सेंटर के सौजन्य से क्षेत्रीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों के हजारो निराश परिवारों में बच्चो की किलकारियां गूँज रही है। इस अवसर पर देव नन्दिनी हॉस्पिटल के चेयरमैन डा० श्याम कुमार, डा० विमलेश शर्मा, डॉक्टर संजय रॉय डा० गोविन्द सिंह, अशोक कुमार सिंह, ममता, प्रियंका रानी, कु० शानू, कु० शाहरुना एवं देव नन्दिनी टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर एवं देव नन्दिनी हॉस्पिटल परिवार के समस्त समर्पित सदस्य व स्टाफ उपस्थित रहे।

## पुत्रवधू की हत्या की आशंका जताई, लगाई सुरक्षा की गुहार

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पुत्रवधू के परिजनों पर उसकी हत्या हत्या की आशंका जताई और पीड़ित व उसके परिवार को झूठे मुकदमे में फसाने का षड्यंत्र रचने व धमकी देने का आरोप लगाया है पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी कुशलपाल ने बताया कि उसके पुत्र गौरव का गांव की ही युवती खुशी के साथ प्रेम प्रसंग था। प्रेम प्रसंग में दोनों ने घर से भाग कर और परिजनों के विरुद्ध आर्य समाज मंदिर विश्वासनगर दिल्ली में शादी कर ली थी। युवती के पिता सुंदर ने थाने पर पहुंचकर उसके पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था बाद में उसकी पुत्रवधू ने अपने बयान दर्ज कराए थे।

तभी से उसका पुत्र और पुत्रवधू दिल्ली में रह रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि विगत 22 जुलाई की शाम को जब उसका पुत्र अपनी ड्यूटी पर चला गया तो उसकी पुत्रवधू घर से अपने मामा के यहां दिल्ली में चली गई थी। खोजबीन करने के बाद पीड़ितों को जानकारी हुई।

# जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक हुई संपन्न

**राजेन्द्र सिंह**



**बुलंदशहर.** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी श्रुति ने समस्त राजकीय चिकित्सालयों में मरीजों के ऑनलाइन पर्चे बनाने व प्रत्येक पर्चे पर मरीज का मोबाइल नम्बर दर्ज करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही बैठक में जिलाधिकारी महोदया ने प्रसव कराने हेतु निर्देशित किया कि निजी अस्पतालो से अधिक राजकीय चिकित्सालयों में सुविधा प्रदान जाए जिससे अधिक से अधिक राजकीय चिकित्सालयों में प्रसव हो सके और आमजन को इसका लाभ मिल सके।

साथ ही उन्होंने कहा कि प्रसव के उपरान्त जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि ससमय डीबीटी के माध्यम से ट्रान्सफर की जाए यह सुनिश्चित करें। साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि सीजेरियन प्रसव सेवाएं सीएचसी पर ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, तथा आशा संगिनी द्वारा गर्भवती महिलाओं को पूर्व में ही खान-पान सम्बन्धी जानकारी व सलाह, हीमोग्लोबिन टैबलेट व संवेदनशीलता के साथ सुपर विजन तथा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं की जांच कार्य शतप्रतिशत करने को निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य मेले, ब्लड डोनेशन कैम्प, आभा आईडी कार्ड तथा आयुष्मान कार्ड के कार्य शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी निशा ग्रेवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार दोहरे तथा डा0 रमित कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# यातायात पुलिस ने स्कूली बच्चो को किया जागरुक



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी यातायात अभयनाथ मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात परमहंस ने न्यू हाउस बेसिक स्कूल नाथनगर महुली के छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी तथा यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलायी। यातायात जागरुकता बढ़ाने हेतु स्कूल के अध्यापको की उपस्थिति में यातायात जागरुकता के नियमों के बारें में जागरुक करते हुए दो पहिया वाहन चलाते समय नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने, तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के बारे में बताया गया तथा अपने परिवार / रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने की भी अपील की।

# समायोजन रद्द होने के अवसाद में शहीद हुए शिक्षामित्रों को किया गया याद

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** शिक्षामित्रों ने शुक्रवार को काला दिवस मनाया। इस मौके पर मृतक शिक्षामित्रों को याद कर उनको नमन किया गया और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। शिक्षामित्रों ने कहा यह वह दिन है जब एक फैसले ने हजारों शिक्षामित्रों के सपनों को चूर चूर कर दिया था। उसके बाद नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री को मुख्यमंत्री से संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सौपा। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष कपिल यादव के नेतृत्व मे शुक्रवार को शिक्षामित्रों ने सेठ दामोदर स्वरूप पार्क मे एकत्र होकर काला दिवस मनाया। कपिल यादव ने कहा कि सरकार शिक्षामित्रों की सुध नही ले रही है। आज महंगाई चरम पर है। उनके सामने भरण पोषण की बड़ी दिक्कत पैदा हो गई है। समायोजन के रद्द हो जाने के बाद आठ सालों मे हजारो शिक्षामित्र अवसाद के चलते शहीद हो गए है। लेकिन सरकार को उन पर तरस नही आ रहा है। जिला महामंत्री कुमुद केशव पांडे ने कहा कि 25 जुलाई का यह काला अध्याय हम सभी को कभी नही भूलेगा। शिक्षामित्रों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से प्रदेश के सभी डेढ़ लाख शिक्षामित्रों को नियमितिकरण करते हुए अन्य राज्यों की भांति बेतन देने, वंचित शिक्षामित्र को मूल विद्यालय वापसी, महिला शिक्षामित्र को उनके ससुराल मे स्थानांतरण करने, ईपीएफ व आयुष्मान भारत योजना में शामिल करने, मृतक शिक्षामित्र को आर्थिक सहायता के साथ परिवार को एक सदस्य को नौकरी देने, सेवा मुक्त हो रहा शिक्षामित्र को जीवकोपार्जन के लिए सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। इस अवसर पर अरविंद गंगवार, संतोष कुमार गंगवार, धर्मेंद्र पटेल, सुरेंद्र यादव, भगवान सिंह यादव, उत्तम कुमार, राकेश कुमार, अर्जुन सिंह, श्रवण कुमार, सर्वेश पटेल, कमलेश कुमार शर्मा, आसिम हुसैन, फरजंद अली, हरपाल सिंह, राजकुमार राजीव उपाध्याय, फुरकत अली आदि शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

## तूल पकड़ रहा है लोहरौली ठकुराई में कोटा चयन का मामला

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** विकास खंड बेलहर कला के गांव लोहरौली ठकुराई में हुए कोटे के चयन का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। नदीम अख्तर पुत्र शब्बीर अहमद के शिकायती पत्र पर डीएम ने एसडीएम मेहदावल से पूछा है कि बार बार कोटे की जांच क्यों हो रही है। पांच जुलाई को खुली बैठक में कोटेदार का चयन हुआ था जिसमें 287 लोगों ने नदीम अख्तर को समर्थन किया तथा निसार अहमद को 186 लोगों ने समर्थन दिया। इसमें नदीम अख्तर विजेता घोषित किये गए। निसार अहमद ने चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था जिसके बाद जांच भी हुई। फिर दुबारा इसी मामले में जांच बैठाई गई। अब निर्वाचित कोटेदार नदीम अख्तर ने जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बार बार जांच पर सवाल उठाये हैं। उपजिलाधिकारी मेहदावल संजीव कुमार राय ने कहा कि शिकायत के आधार पर जांच कराई गई थी दोबारा उच्चाधिकारियों के निर्देश पर ही जांच हुई है।

## गौरी शंकर कन्या महाविद्यालय में छात्राओं की सुरक्षा हेतु जागरूक किया गया




**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** शुक्रवार को गौरी शंकर कन्या महाविद्यालय, बुलन्दशहर में छात्राओं की सुरक्षा जागरूकता एवं करियर मार्गदर्शन हेतु अमर उजाला के सौजन्य से पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एस0पी0 सिटी शंकर प्रसाद उपस्थित रहें। साथ में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अंशु बंसल तथा समस्त प्राध्यापिकाएं भी उपस्थित रहीं।मुख्य अतिथि ने छात्राओं को महिला अपराधों से बचाव, कानूनी अधिकारों की जानकारी तथा प्रशासनिक अधिकारी बनने की प्रक्रिया और तैयारी के तौर - तरीकों के संबंध में विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन किया। साथ ही उन्होंने साइबर क्राइम जैसे वर्तमान समय के संवेदनशील विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने बढ़चढ़कर मुख्य अतिथि से प्रश्न पूछे। जिनका उन्होंने सहजता एवं गंभीरता से समाधान किया। यह सत्र छात्राओं के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अंशु बंसल ने अतिथिगण का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए छात्राओं को ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

## थाना बेलहरकला पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्वदवन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना बेलहरकला उ0नि0 सुरेन्द्र प्रसाद, का0 रविन्द्र निषाद ने मु0अ0स0 185/2025 धारा 137(2), 87 बीएनएस थाना बेलहरकला के मामले में वांछित अभियुक्त सचिन उर्फ गोलू पुत्र चन्द्रभूषण गौतम निवासी कुल्हड़िया थाना बेलहरकला को लोहरसन रमवापुर मिश्र रोड़ के मोड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया। विदित हो कि वादी द्वारा दिनांक 21.07.2025 को थाना बेलहरकला पर वादी की नाबालिग पुत्री को उपरोक्त अभियुक्त द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

# रज्जू भैया सैनिक विद्या मंदिर में वृक्षारोपण व कृषक गोष्ठी का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**




**शिकारपुर।** स्थित रज्जू भैया सैनिक विद्या मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार को वृक्षारोपण व कृषक गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि मुख्य वक्ता पदम भारत भूषण त्यागी, मुख्य अतिथि हर्षवर्धन त्रिपाठी वरिष्ठ पत्रकार, विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र बालिया मुख्य संपादक पंजाबी जागरण, रणवीर सिंह क्षेत्रीय संयोजक पर्यावरण गतिविधि, संजीव कुमार प्राकृतिक खेती के विशेषज्ञ, नरेश कुमार सिंह ग्राम विकास प्रमुख बुलंदशहर विभाग संयोजक, राजेश कुमार सह विभाग शाखा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक, सहसंयोजक संजय शर्मा आंचरूकला, विद्यालय के अध्यक्ष सी एल. बरेजा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक गंगा राम, विद्यालय के प्रबंधक डॉ रूप नारायण, प्रधानाचार्य गोविंद गुप्ता उपस्थित रहे वीडियो के माध्यम से सभी महानुभावों को विद्यालय की रूपरेखा एवं गतिविधियों को दिखाया गया। सभी अतिथियों एवं महानुभावों का पटका पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। वरिष्ठ पत्रकार ने विद्यालय की लैंग्वेज लैबोरेट्री की बहुत प्रशंसा की उन्होंने विद्यालय पर रोशनी डालते हुए कहा अगले 10 वर्षों में विद्यालय बहुत ऊंचाई तय करेगा। रज्जू भैया सैनिक विद्या मंदिर एक आदर्श विद्यालय है इस पर प्रकाश डालते हुए कहा यहां विद्यालय के कैडेट विभिन्न राज्यों में देश सेवा करेंगे। हर्षवर्धन त्रिपाठी ने कहा पूरे विश्व में भारत ऐसा विश्व गुरु बने जो सारे विश्व के ज्ञान का कुंज हो। विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र बालिया ने कहा सपने वो होते हैं जो हमें सोने नहीं देते वृक्ष रोपण पर प्रकाश डालते हुए वीरेंद्र बालिया ने कहा वृक्ष धूप में खड़े होकर दूसरों को छाया देते हैं तथा इनका फल भी दूसरों को प्राप्त होता है।

# बीजेपी सरकार ने दलित समाज को वह सम्मान नहीं दिया जिसके उन्हें संवैधानिक अधिकार है-डाक्टर अय्यूब

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** नगरपंचायत मगहर के मोहल्ला तकियाबाजर स्थित पुरानी बाजार में गुरुवार की देर शाम पीस पार्टी के नगर अध्यक्ष ओबैदुन्नबी की अध्यक्षता में ₹आपसे बात और आप का साथ₹ के अंतर्गत जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसके मुख्यातिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर अय्यूब सर्जन व विशिष्ट अतिथि पार्टी के जिलाध्यक्ष पंचराम चौहान रहे।जबकि कार्यक्रम का संचालन पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अफरोज बदल ने किया।इस दौरान कार्यक्रम में तमाम लोगों ने हिस्सा लिया। जन चौपाल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर अय्यूब सर्जन ने बीजेपी की केंद्र व राज्य सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि बीजेपी सरकार ने दलित समाज को वह सम्मान नहीं दिया,जिसका उन्हें संवैधानिक अधिकार है।यह बात पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और बर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को श्रीराम जन्मभूमि में हुये कार्यक्रम न बुलाने से भी स्पष्ट होता है। उन्होंने यह भी कहा कि डाक्टर अय्यूब सर्जन ने 2012-17 अपनी विधायकी के दौरान जो कार्य किए,वे न केवल खलीलाबाद,बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के इतिहास में किसी अन्य विधायक ने नहीं किये। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव अफरोज बदल,यासिर निजाम, नगर अध्यक्ष उबैदुन्नबी,पूर्व सभासद परवेज कौसर, मौलाना तनवीर कासमी,एडवोकेट सैदा हुसैन,पूर्व सभासद मोहम्मद इलियास अंसारी,फखरे आलम सनी,मोहम्मद अकरम,मिनहाज मलिक,हाफिज गुलाम सरवर,सरोज अहमद,शमशेर अहमद,हैदर अली,अल्लू अंसारी,सद्दाम हुसैन आदि लोग उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में मां-बेटे की चली गई जान, परिवार की बुजुर्ग महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**



**बरेली।** फरीदपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में मां-बेटे की जान चली गई, जबकि परिवार की बुजुर्ग महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब एक ऑटो चालक गलत दिशा से आ रही कार को बचाने की कोशिश कर रहा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से ऑटो आगे चल रहे ट्रक से भिड़ गया। मृतकों में शाहजहांपुर के कटरा थाना क्षेत्र के कपूर नगला निवासी जसवीर की 24 वर्षीय पत्नी पिंकी और एक वर्षीय बेटा राघव शामिल हैं। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। दोनों ट्रक और कार के चालक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार, जसवीर ऑटो चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। शनिवार को उनकी बहन के घर ढकिया तिवारी गांव में नामकरण संस्कार था, जिसमें ह्यछोछकह्न की रस्म निभाने के लिए वह पत्नी पिंकी, मां रामसनेही और बेटे राघव के साथ ऑटो से फरीदपुर कपड़े खरीदने जा रहे थे। रास्ते में उन्होंने खुदागंज से दो अन्य सवारियां भी बैठा लीं। जैसे ही ऑटो नवादावन गांव के पास पहुंचा, सामने से गलत दिशा में आ रही एक कार से बचने की कोशिश में ऑटो असंतुलित हो गया।

# सपा के कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व सांसद स्व.फूलन देवी देवी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** समाजवादी पार्टी मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष देवव्रत धामा के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार पूर्व सांसद वीरांगना श्रीमती फूलन देवी, की पुण्यतिथि पर उनके बारे में चर्चा हेतू कमल इंटर कॉलेज गोविंदपुरी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें देवव्रत धामा व महर्षि कश्यप समाज मोदीनगर के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देशवाल ने अपने सम्बोधन में फूलन देवी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस समय महिलाओं को पढ़ने का अधिकार नहीं था, दलित-पिछड़ों को पास नहीं बैठाया जाता था, बच्चे साथ खेल नहीं सकते थे, पढ़ नहीं सकते थे, कुए से पानी नहीं भर सकते थे। उस समय इन उत्पीड़नकारी जातियों का सामना करना बहुत बड़ी बात थी, जो फूलन देवी के साथ उस समाज के लोगों ने किया वह जुल्म की इन्तहा थी। जिसका सामना फूलन देवी ने जिस साहस से किया व साक्षात दुर्गा शक्ति का परिचायक है।एक महिला ने सारे अत्याचारी, बालात्कारियों को मौत के घाट उतार दिया था।आज भी दलित-पिछडों के मंदिरों में प्रवेश पर घटनाएं प्रतिदिन सामने आ रहीं हैं।ठीक उसी तरह के सैकड़ों काण्ड आज भी प्रतिदिन हो रहे हैं। महिलाएं अकेली घर से बाहर नहीं निकल सकती।'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'सिर्फ चुनावी जुमला साबित हुआ। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र उपाध्यक्ष राजेश जाटव, विधानसभा क्षेत्र सचिव मुनीश ठेकेदार, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष युवजन सभा पुनीत वर्मा, नगर अध्यक्ष दीनू खान सचिव बादल ठेकेदार,फारुख मलिक नगर अध्यक्ष पतला, आमीर खान सारा, पूर्व जिला अध्यक्ष महिला सभा कमलेश चौधरी, नजमु मलिक, बिन्दर कश्यप, प्रमोद कश्यप, दीपक कश्यप आदि के साथ बड़ी संख्या में कश्यप समाज के लोगों ने उपस्थित रहे।

# पत्रकारों पर हमले लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी: अनिल चौधरी

जाकिर तुर्क/वेलकम इंडिया



मेरठ देशभर में पत्रकारों के खिलाफ बढ़ते हमलों पर नाराजगी जाहिर करते हुए ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि अब हमला सिर्फ एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि पत्रकारिता और लोकतंत्र की आवाज पर किया जा रहा है।मेरठ में एक दैनिक अखबार के कार्यालय पर हुए हमले की तीखी आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं अब बर्दाश्त के बाहर हैं। शुक्रवार को मेरठ आगमन पर अनिल चौधरी का जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद एडवोकेट दीपक अग्रवाल के आवास पर संगठन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें अगली रणनीति पर मंथन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अनिल चौधरी ने की और संचालन राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी ने किया। अनिल चौधरी ने कहा, ह्लपत्रकारों की कलम से डरने वाले अब हमलों का सहारा ले रहे हैं। हम इस प्रवृत्ति को पनपने नहीं देंगे।जल्द ही हम संबंधित केंद्रीय मंत्रियों से मिलकर पत्रकारों को चिकित्सा लाभ और सुरक्षा देने की मांग करेंगे।उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन पीड़ित पत्रकार के साथ खड़ा है और कानूनी लड़ाई में हरसंभव सहयोग करेगा।बैठक में यह भी तय किया गया कि संगठन की इकाइयों का विस्तार तेजी से किया जाएगा। रामपुर और पीलीभीत में पहले ही संगठन मजबूत स्थिति में है, अन्य जनपदों में जल्द गठन होगा। राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी ने बताया कि संगठन पहले ही पत्रकारों का पाँच लाख का बीमा करवा चुका है।अगला लक्ष्य है झ स्वास्थ्य मंत्रालय से पत्रकारों के लिए मुफ्त इलाज की मांग को लागू करवाना।वरिष्ठ पत्रकार और प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत अस्थाना ने संगठन की गुणवत्ता को प्राथमिकता देने की बात कहते हुए निर्देश दिए कि सिर्फ प्रतिबद्ध पत्रकारों को ही संगठन में जगह दी जाए।

# उपराष्ट्रपति और मुख्यमंत्री के स्वागत में बेबी रानी मौर्य रहीं अगुवा, जीआईसी मैदान में आज ऐतिहासिक जनसभा

वेलकम इंडिया



**आगरा।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में ताजनगरी में आज एक ऐतिहासिक जनसभा का आयोजन किया जा रहा है।जीआईसी मैदान में हो रही इस भव्य सभा में देश और प्रदेश की कई नामचीन राजनीतिक हस्तियां शिरकत कर रही हैं।जनसभा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था से लेकर स्वागत की तैयारियों तक प्रशासन और आयोजक समिति ने विशेष प्रबंध किए हैं। जनसभा से पहले देश के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष विमान रविवार सुबह आगरा एयरपोर्ट पर उतरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपराष्ट्रपति से पहले ही एयरपोर्ट पहुंच चुके थे।इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और पूर्व राज्यपाल बेबी रानी मौर्य भी मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहीं। एयरपोर्ट पर जैसे ही उपराष्ट्रपति धनखड़ का आगमन हुआ, कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने बुके भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री और उपराष्ट्रपति के साथ कुछ देर तक बंद कक्ष में अनौपचारिक चर्चा भी हुई, जिसमें प्रदेश से जुड़ी कई अहम योजनाओं और कार्यक्रमों पर वातार्लाप हुआ। बाद में मीडिया से बातचीत में बेबी रानी मौर्य ने कहा कि ₹मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का आगरा की ऐतिहासिक धरती पर एक साथ आगमन हम सभी के लिए गर्व का विषय है।दोनों ही व्यक्तित्व देश और प्रदेश के विकास के लिए असाधारण कार्य कर रहे हैं।उनके मार्गदर्शन से आज की पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। जनसभा स्थल पर हजारों की संख्या में लोग लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में जुटे हैं। आयोजन को लेकर प्रशासन और पुलिस की ओर से चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। सभा में सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक विषयों पर वक्तव्य और प्रस्तुतियां प्रस्तावित हैं। आगरा वासियों के लिए यह दिन ऐतिहासिक यादों में दर्ज होने जा रहा है।

# पंजाबी संगठन एवं लायंस क्लब ने नैना चोपड़ा को किया सम्मानित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** पंजाबी संगठन मोदीनगर, महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर एवं लायंस क्लब मोदीनगर उड़ान इंटरनेशनल द्वारा नैना चोपड़ा को सम्मानित किया गया। नैना चोपड़ा ने पूरे भारत में आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंसी परीक्षा में आठवीं रैंक हासिल कर न केवल अपने परिवार का बल्कि क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नैना चोपड़ा पंकज चोपड़ा (पिता), भारती चोपड़ा (माता) एवं निर्मला चोपड़ा (दादी) की सुपुत्री हैं। इस गौरवपूर्ण अवसर पर पंजाबी संगठन मोदीनगर के अध्यक्ष अजय ग्रोवर एवं महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैय्यर ने नैना को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में मुख्य रूप से संजय नैय्यर, रमेश खुराना, हरेंद्र अरोड़ा, संजीव गुलाटी, अजय मेहंदीरत्ता, अंशुल सचदेवा, हिमांशु थापर, सागर धींगरा, रोबिन खुराना, एन.के. ग्रोवर, हर्षिता चौधरी, वीणा चावला, अमिता आहूजा, मीना भल्ला, प्रवीण आनंद, विशाखा मित्रा एवं नीता गुप्ता शामिल रहे।

# बनारस के मणिकर्णिका घाट पर जहाँ चिताएँ जलती हैं, वहीं किसी ने चिता की सेज पर गद्दा बिछाकर नींद ओढ़ ली है



वेलकम इंडिया

मसान की गोद में एक ज़िंदा थकान बनारस के मणिकर्णिका घाट पर जहाँ चिताएँ जलती हैं, वहीं किसी ने चिता की सेज पर गद्दा बिछाकर नींद ओढ़ ली है। यह दृश्य किसी लाचारी की कहानी नहीं, बल्कि उस शहर का ऐलान है जो मृत्यु को भी मस्ती से जीता है। वह लोहे का चूल्हा, जिस पर देह की अंतिम आहुति दी जाती है आज किसी बनारसी फक्कड़ की शैय्या बन गया है। न डर, न चिंता - बस नींद है और वह भी मसान की गोद में। यह आदमी कोई भिखारी नहीं - यह वही बनारसी आत्मा है जो कहती है- ₹जब ज़िंदगी थका दे, तो मसान ही सबसे आरामगाह है। न उसे मोक्ष की जल्दी है, न मोह की उलझन वह बस जीता है अपने ढंग से, अपने अंदाज में।यह तस्वीर बनारस के उस दर्शन की है जहाँ मौत भी एक उत्सव है और श्मशान भी विश्रामस्थली। यहाँ जिंदगी हँसती है, मौत मुस्कुराती है और चिता पर भी चैन की नींद आ जाती है।

# हाथरस में अजब प्रेम की गजब कहानी, तीन बच्चों की मां चौदह साल के किशोर को लेकर फरार, चचाओं में बनी प्रेम कहानी



वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

**हाथरस।** कहते हैं प्रेम का कोई उम्र नहीं होता है। प्रेम कभी भी कही भी और किसी भी उम्र में किसी से भी हो सकती है।लेकिन प्रेम प्रसंग के कई ऐसे मामले अक्सर देखने को मिल जाते हैं, जो सभी को हैरान कर देते हैं।तेजी से बदलते दौर में प?यार-मोहब?बत के नए-नए किस?से सामने आते रहते हैं लेकिन, हाथरस में प्रेम-प्रसंग का एक अजब ही मामला सामने आया है। यहां एक तीन बच्चों की मां एक चौदह साल के किशोर को लेकर फरार हो गई है।लडके के पिता ने थाने में तहरीर देकर अपने बेटे को बरामद करने की गुहार लगाई है। थाना चंदपा क्षेत्र के गांव अल्हेपुर चुरसैन निवासी राजेंद्र सिंह कुशवाहा थाने में तहरीर देते हुए बताया है कि उनके पांच बच्चे हैं, जिनमें से दो बेटियों की शादी हो चुकी है। जिसमें से तीन बेटे हैं। लक्ष्मण 14 वर्ष का बेटा है।उनके घर पर 30 साल की पूनम नाम की महिला का आना जाना लगा रहता था। उक्त महिला हरदुआगंज थाना क्षेत्र के जलाला की निवासी है। जो पूर्व से शादीशुदा है और उसके तीन बच्चे भी हैं।पूनम 21 जुलाई 2025 को घर आकर उसके बच्चे को बहला फुसला कर ले गई है।जिसकी हम लोगों ने काफी तलाश की मगर कही उसका पता नहीं चला । बालक के पिता ने थाने में तहरीर देकर अपने बेटे को बरामद करने के लिए पुलिस से गुहार लगाई है। हालांकि इस बात को फैलने के बाद शहर में चचाओं का माहौल बन गया है। लोग आज के इस समाज के दौर को विचार करने को मजबूर हो गए हैं।

# किठौर में हथियारबंद लुटेरों का कहर, महिला को घायल कर लाखों की नकदी-जेवरात लूट ले गए

वेलकम इंडिया

**मेरठ।** किठौर क्षेत्र के जलालुद्दीनपुरा मोहल्ले में गुरुवार रात घर में घुसकर दो हथियारबंद बदमाशों ने एक महिला को घायल कर लाखों की नकदी और जेवरात लूट लिए। घटना उस समय हुई जब पीड़िता अपने बच्चों के साथ घर में सो रही थी।बदमाशों ने गर्दन पर हथियार रखकर जान से मारने की धमकी दी और विरोध करने पर महिला को घायल कर मौके से फरार हो गए।

जड़ौदा निवासी पीड़िता के भाई रईस ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी बहन शबनम की शादी किठौर के मोहल्ला जलालूद्दीन पूरा याकूब पुत्र शफीक से हुई है। गुरुवार रात करीब दो बजे दो बदमाश घर में घुसे और शबनम को हथियार दिखाकर डराया-धमकाया।बदमाशों ने लगभग दो तोले सोना, 25 तोले चांदी के गहने और 1.5 लाख रुपए नकद लूट लिए।शबनम के शोर मचाने पर बदमाशों ने धारदार हथियार से उसकी गर्दन पर वार कर उसे घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।इंस्पेक्टर बृजेश पांडे ने बताया कि महिला को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है। ड्रोन उड़ने की अफवाहें फैल रहीं हैं, पुलिस ने कहा- ना घबराएं, ना कानून हाथ में लें ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं के साथ-साथ ड्रोन उड़ने की अफवाहें भी तेजी से फैल रही हैं।कई लोग इसे चोरों की नई चाल मान रहे हैं, जिससे डर का माहौल और गहरा गया है।इस पर थाना प्रभारी बृजेश पांडे का कहना है कि ₹ड्रोन के जरिए चोरी की कोई पुष्टि नहीं हुई है। यह केवल एक अफवाह है, जिससे जनता को भ्रमित किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि कुछ शरारती तत्व अफवाहें फैलाकर माहौल खराब कर रहे हैं। पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर रही है और संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। ग्रामीणों से अपील है कि वे सतर्क रहें लेकिन कानून हाथ में न लें। जो भी व्यक्ति अफवाह फैलाते पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पहली बार बिजली से रोशन हुई गाँव की गली, सभासद पति चौधरी राघवेंद्र सिंह ने लगवाई लाइंटे, ग्रामीणों ने की दिल खोलकर प्रशंसा

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** नगर पालिका के गांव नगला अलगर्जी के वार्ड नंबर दो की सभासद उपासना सिंह गौतम है। प्रतिनिधि के तौर पर इनके पति चौधरी राघवेंद्र सिंह ने अपने विकास कार्यों से ग्रामीणों का दिल जीत लिया है।बसपा नेता पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य और वर्तमान सभासद के पति के तौर पर चौधरी राघवेंद्र सिंह गांव के विकास के लिए लगातार सक्रिय और प्रयासरत हैं।इसी कड़ी में, उन्होंने गांव में प्रकाश की कमी को देखते हुए, आवश्यकतानुसार उत्तम प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की है। राघवेंद्र सिंह के इस सराहनीय प्रयास से ग्रामीण बेहद प्रसन्न हैं। उन्होंने राघवेंद्र सिंह के विकास कार्यों की जमकर प्रशंसा की है।ग्रामीणों ने विशेष रूप से बताया कि बरसात के समय में नई लाइटें लगने से उन्हें काफी राहत मिली है। उनका कहना है कि सभासद के कार्यकाल में वाकई में बहुत अच्छे-अच्छे कार्य हो रहे हैं जो प्रशंसनीय हैं। ग्रामीणों से मिले इस सम्मान और स्नेह के लिए चौधरी राघवेंद्र सिंह ने सभी का हार्दिक आभार प्रकट किया है। यह दशार्ता है कि राघवेंद्र सिंह न केवल गांव के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं, बल्कि वे ग्रामीणों के बीच अपनी एक मजबूत और सकारात्मक छवि भी बना चुके हैं और निरंतर बनाए रखना चाहते हैं। जिसके लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं।गाँव के लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष स्वेता चौधरी का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया है और उम्मीद है कि वह इस तरह से विकास कार्यों को और तेज गति प्रदान करती रहें।

# इनवर्टर बैट्री एंड मोबिल ऑयल प्रतिष्ठान का हुआ उद्घाटन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर( अनिल वशिष्ठ)।** नगर पंचायत फरीदनगर कस्बे में प्रेमचंद सैनी द्वारा राधिका इनवर्टर बैट्री एंड मोबिल ऑयल प्रतिष्ठा के उद्घाटन कार्यक्रम का धूमधाम से आयोजन किया।इस अवसर पर कस्बा फरीदनगर सहित आसपास क्षेत्र के सैकड़ो गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। शुक्रवार को राधिका इनवर्टर बैट्री एंड मोबिल ऑयल प्रतिष्ठान के उद्घाटन अवसर पर भव्य रूप से आयोजित कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में एमेरोंन बैटरी डिस्ट्रीब्यूटर व समाजसेवी रोहित गुप्ता शामिल हुए।जिन्होंने फरीदनगर निवासी प्रेमचंद सैनी के इस नवप्रतिष्ठान का सैकड़ो गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में पूजा अर्चना के पश्चात फीता काटकर उद्घाटन करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने वालों में दीपक चौधरी,कपिल चौधरी अश्वनी भूटानी,प्रवीण कुमार, बाबू सैनी,जोगेंद्र सिंह,कमल सैनी,कपिल प्रजापति,राहुल कुमार आदि ने भी प्रेमचंद सैनी द्वारा खोले गए इस नए प्रतिष्ठान की तरक्की के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# कांग्रेस ने सभी विधानसभा पर बनाए प्रभारी, पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** जिले में कांग्रेस ने पंचायत चुनाव और पार्टी के संगठन को सक्रिय करने के लिए प्रत्येक विधानसभा पर नेताओं को प्रभारी मनोनीत किया है । कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने संगठन सृजन अभियान, पंचायत चुनाव और पार्टी की गतिविधियों को सक्रिय एवं सशक्त करने हेतु विधानसभाओं पर जिला उपाध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को लगाया है। प्रभारियों की सूची में कांग्रेस ने मनीष चतुवेर्दी, प्रशांत बाल्मिकी, नईम मंसूरी और साजिद गाजी को बुलंदशहर विधानसभा का प्रभारी बनाया है। शिवकुमार शर्मा और मिंटू चौधरी को शिकारपुर विधानसभा, साजिद चौधरी और हिमाचल सिंह गुर्जर को स्याना विधानसभा का प्रभारी बनाया है। नितिन भटनागर और सैय्यद अमान को सिकंदराबाद विधानसभा का प्रभारी बनाया है।ऋषि गौतम, किशन सिंह चौधरी और चंद्रपाल सिंह एडवोकेट को खुर्जा विधानसभा, कांग्रेस नेता विपुल कौशिक और ज्ञानेंद्र राघव को डिबाई विधानसभा का प्रभार दिया है ।वहीं अनिल शर्मा, मुकेश रजक और अब्दुल सलाम को अनूपशहर विधानसभा का प्रभारी बनाया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने शकील अहमद को कार्यालय प्रभारी व जनसंपर्क के प्रभार का दायित्व दिया है। कृष्ण मोहन सिंह को प्रचार और अभियान का प्रभारी बनाया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व का ब्लॉक, नगर और बूथ स्तर तक संगठन बनाने पर पूरा जोर है।आम आदमी की लड़ाई मजबूती से लड़ेंगे और प्रत्येक विधानसभा पर मजबूती से लोगों की समस्याओं को उठाएंगे ।

# जिलाधिकारी का अल्टीमेटम, अगली बैठक से पहले हो हर शिकायत का समाधान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा ने औद्योगिक क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए। साउथ साइड जीटी रोड औद्योगिक क्षेत्र, बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र और नेशनल हाईवे-9 के निरीक्षण के बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों से त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्रों में एनएच-9 से आने-जाने वाले मार्गों पर लगने वाले यातायात जाम का स्थाई समाधान प्राथमिकता पर किया जाए। उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों को पुलिस उपायुक्त यातायात से समन्वय स्थापित कर कट निर्धारण और आवश्यकता अनुसार सड़क चौड़ीकरण की कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ करने को कहा। कार्बन कॉन्टिनेंटल इंडिया लिमिटेड के पास स्थित ग्रीन बेल्ट और पार्क की सफाई, सौंदर्यकरण तथा जल निकासी की समस्या के समाधान हेतु यूपीसीडा और यूपीएसआईडीए के अधिकारियों को कार्य योजना तैयार कर क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। कंपनी के प्रतिनिधियों ने इस कार्य में निजी सहभागिता की इच्छा जताई, जिस पर जिलाधिकारी ने सौंदर्यकरण कार्य को स्वीकृति प्रदान करते हुए एक माह में कार्य पूर्ण करने को कहा। जीएस रोड औद्योगिक क्षेत्र में अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाने और चालान की कार्रवाई के लिए यातायात विभाग को सख्त निर्देश दिए गए। वहीं लोहा मंडी में लगातार खड़ी रहने वाली मालगाडियों और ट्रकों के कारण लगने वाले जाम के समाधान हेतु व्यापारियों के साथ पुलिस उपायुक्त यातायात की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने दोहराया कि सभी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें कि आगामी उद्योग बंधु बैठक में पूर्व में उठाए गए मुद्दे दोबारा प्रस्तुत न हों, बल्कि उनका पूर्ण निस्तारण कर लिया जाए।

इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक जवाबदेही और उद्योगों की सुविधा को लेकर किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात सच्चिदानंद, उपायुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान, उप महाप्रबंधक सिविल आर.एस. यादव, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीएसआईडीए प्रदीप सत्यार्थी, जिला सूचना अधिकारी और एनएचएआई के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीसीपी कार्यालय अब एक जनसंवाद का आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस अब पहले से कहीं ज्यादा संवेदनशील, जवाबदेह और जनोन्मुखी हो गई है। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद के स्पष्ट निदेर्शों के तहत डीसीपी कार्यालय अब एक जनसंवाद केंद्र का रूप ले चुका है, जहां आम नागरिक बेझिझक अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं और उन्हें न सिर्फ गंभीरता से सुना जा रहा है, बल्कि समाधान की दिशा में त्वरित कदम भी उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को नगर पुलिस उपायुक्त धवल जायसवाल द्वारा अपने कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंचे लोगों से व्यक्तिगत रूप से वार्ता की गई। डीसीपी ने प्रत्येक शिकायत को धैर्यपूर्वक सुना और सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मामलों का गुणवत्तापूर्ण, न्यायसंगत और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। श्री जायसवाल ने साफ कहा कि जनता से प्राप्त शिकायतें महज कागजी प्रक्रिया नहीं हैं, बल्कि यह हमारे कार्य की कसौटी हैं। हर शिकायतकर्ता को समाधान मिलना ही चाहिए और वह भी समयसीमा के भीतर। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न प्रकार की शिकायतें सामने आईं घरेलू हिंसा, जमीन-जायदाद से जुड़ी समस्याएं, साइबर धोखाधड़ी, सड़क पर उत्पन्न असामाजिक गतिविधियां, तथा स्थानीय स्तर पर उत्पन्न विवाद। हर मामले में डीसीपी ने न सिर्फ विभागीय टीम को सक्रिय किया, बल्कि शिकायतकर्ता को भी आश्वस्त किया कि उनकी बात सुनी गई है और अब नतीजा जरूर मिलेगा। डीसीपी धवल जायसवाल ने स्पष्ट किया कि कमिश्नरेट प्रणाली का मूल उद्देश्य ही है जनसरोकारों को प्राथमिकता देना और पुलिस को जनता का विश्वासपात्र बनाना। पुलिस अब दीवारों के पीछे से नहीं, बल्कि लोगों के बीच से काम कर रही है। यह पहल उसी दिशा में एक सशक्त कदम है। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की यह नई कार्यशैली न केवल जन-विश्वास को मजबूत कर रही है, बल्कि पुलिसिंग के प्रति समाज की सोच को भी बदल रही है। अब लोग डर के नहीं, भरोसे के साथ पुलिस कार्यालय पहुंच रहे हैं – यह बदलाव की वो तस्वीर है, जिसकी कल्पना नागरिकों ने वर्षों पहले की थी।

# दहेज के तीन लाख न देने पर विवाहिता को तीन तलाक देकर घर से निकाला

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दहेज के लालच में रिश्तों को तोडे वाली एक दिल दहला देने वाली घटना मुरादनगर थाना क्षेत्र में सामने आई है, जहां एक विवाहिता को महज तीन लाख रुपये न लाने पर पहले बुरी तरह पीटा गया, फिर उसके पति ने तीन तलाक देकर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने मुरादनगर थाने में पति समेत आठ लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कराया है। पीड़िता रोहीन की शादी जून 2019 में मेरठ के फलावदा निवासी इरशाद से हुई थी। शुरूआती कुछ महीने ठीक-ठाक बीते, लेकिन एक साल के भीतर ही ससुराल पक्ष ने अपने असली रंग दिखाने शुरू कर दिए। आरोप है कि रोहीन पर लगातार दहेज में तीन लाख रुपये लाने का दबाव बनाया जाने लगा। जब उसने मना किया तो उसे मारपीट और मानसिक प्रताडा झेलनी पड़ी। परिवार बचाने की कोशिश में रोहीन ने चुपचाप सब सहा। वह उम्मीद करती रही कि हालात सुधरेंगे, लेकिन अत्याचार की सीमा पार होती गई। पति इरशाद अक्सर शराब के नशे में उसे पीटता और ससुराल वाले उसके साथ अभद्रता करते। एक बार पंचायत भी बुलाई गई थी जिसमें ससुराल वालों ने दोबारा प्रताडा न करने का आश्वासन दिया, लेकिन वह वादा भी झूठा साबित हुआ। कुछ दिन पहले आरोपियों ने एक बार फिर रोहीन की पिटाई की और पति इरशाद ने उसे तीन तलाक कहकर घर से निकाल दिया। रोहीन जैसे-तैसे अपने मायके मुरादनगर पहुंची और स्वजन को आपबीती सुनाई। इसके बाद पीड़िता ने महिला थाने में लिखित शिकायत दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया।

# कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई, अधिकारियों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनहित से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जनसुनवाई की। इस दौरान शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपने-अपने विभागीय मामलों से जुड़ी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने हर शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर की लापरवाही या विलंब अब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आम जनता को समयबद्ध और गुणवत्तापरक समाधान मिले, इसलिए प्रत्येक अधिकारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी से काम करें। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि हर प्रकरण का न सिर्फ त्वरित समाधान हो, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता से सीधे जुड़ाव का सबसे प्रभावशाली माध्यम है, जिससे शासन की नीतियों की जमीनी हकीकत सामने आती है। जनसुनवाई में एडीएम एलए विवेक मिश्र और जिला सूचना अधिकारी वाईपी सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने समापन पर यह भी दोहराया कि प्राप्त सभी शिकायतों की मॉनिटरिंग की जाएगी और प्रगति की समीक्षा अगली बैठक में की जाएगी।

# एनसीआरटीसी ने कारगिल विजय दिवस पर वीरों को किया नमन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** देश की सीमाओं की रक्षा में प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को स्मरण करते हुए कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को एनसीआरटीसी ने नमो भारत के न्यू अशोक नगर स्टेशन पर एक विशेष स्मारक जोन का उद्घाटन किया। यह श्रद्धांजलि न केवल अतीत के बलिदानों को सम्मानित करने का प्रयास है, बल्कि भविष्य की पीढियों को देशभक्ति की भावना से जोडे का सशक्त माध्यम भी बन रहा है। स्मारक जोन में कारगिल युद्ध की विकट परिस्थितियों बर्फ से ढकी ऊंची चोटियां, विषम तापमान और जानलेवा दुश्मनी का जीवंत चित्रण किया गया है। यहां प्रदर्शित विजुअल डिस्प्ले और वीरगाथाएं उन सपूतों की याद दिलाती हैं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इस जोन में आने वाला हर यात्री न केवल युद्ध की गाथा को देखता है, बल्कि उसे अनुभव करता है एक ऐसा अनुभव जो हृदय में देश के प्रति गर्व भर देता है।


# ट्रांस हिंडन डीसीपी का आधिकारिक एक्स अकाउंट निलंबित

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** गाजियाबाद पुलिस के ट्रांस हिंडन जोन की ऑनलाइन मौजूदगी को उस समय झटका लगा, जब डीसीपी ट्रांस हिंडन का आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट अचानक निलंबित कर दिया गया। शुक्रवार सुबह से सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाले पीड़ितों और जागरूक नागरिकों ने जब डीसीपी को अपनी शिकायतों में टैग करना चाहा, तो पता चला कि अकाउंट अब उपलब्ध नहीं है। यह खबर फैलते ही सवाल उठने लगे कि आखिर ऐसा क्या हुआ जिससे जिले की एक प्रमुख पुलिस इकाई की साइबर उपस्थिति ही अस्थायी रूप से निष्क्रिय हो गई। निलंबन का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने जानकारी दी कि एक्स प्लेटफॉर्म को ई-मेल भेजकर अकाउंट को दोबारा सक्रिय करने का अनुरोध कर दिया गया है और उम्मीद है कि यह जल्द ही बहाल कर दिया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सोशल मीडिया के माध्यम से जनता के साथ संवाद और शिकायत निवारण की प्रक्रिया पर कोई स्थायी असर नहीं पड़ेगा। गौरतलब है कि गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद जिले को तीन जोनों सिटी, ग्रामीण और ट्रांस हिंडन में बांटा गया था।

# शालीमार गार्डन में बिल्डरों पर चला जीडीए का बुलडोजर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शुक्रवार को शालीमार गार्डन एक्स-1 में अवैध निमार्णों पर सख्त कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग भूखंडों पर अतिरिक्त तल पर बनाए गए निमार्णों को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई जीडीए उपाध्यक्ष के निदेर्शों के तहत अवैध निमार्णों और कॉलोनियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई। जोन-08 के प्रवर्तन प्रभारी के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में भूखण्ड संख्या 270 पर स्वीकृत मानचित्र के विपरीत बनाए गए अतिरिक्त तल के कॉलम और दीवारों को ध्वस्त कर दिया गया। इसी प्रकार भूखण्ड संख्या 325 पर भी स्वीकृत नक्शे से विचलन कर बनाए गए अतिरिक्त कॉलमों को तोड़ा गया। इस दौरान मौके पर प्रवर्तन प्रभारी जोन-08, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर स्टाफ, जीडीए के सुरक्षा कर्मी एवं संबंधित थाना शालीमार गार्डन का पुलिस बल मौजूद रहा।

# खंडहर में फंदे से लटका मिला युवक का शव

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब शुक्रवार सुबह रेलवे स्टेशन के पास एक खंडहर में एक युवक का सड़ा-गला शव फंदे से लटका हुआ मिला। शव की पहचान 18 वर्षीय शकील पुत्र वकील, निवासी अजीज नगर कॉलोनी के रूप में हुई है, जो बीते 16 जुलाई से रहस्यमय तरीके से लापता था। जैसे ही घटना की जानकारी परिजनों को मिली, वे मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। शव की हालत देख परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। उन्होंने यह स्पष्ट आरोप लगाया कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि पूर्वनियोजित हत्या है, जिसे फांसी का रूप देकर मामले को आत्महत्या दिखाने की कोशिश की गई है। मृतक के पिता वकील ने बताया कि शकील आइसक्रीम का ठेला लगाता था और 16 जुलाई को बिना बताए घर से निकल गया था। परिवार ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार सुबह उन्हें सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के पास खंडहर में एक युवक का शव लटका हुआ मिला है। जब वे पहुंचे, तो वह उनका बेटा शकील था। परिजनों ने दावा किया कि शव की घुटनों की स्थिति और शरीर की अवस्था यह दशार्ती है कि उसे मारकर लटकाया गया है। घुटने जमीन को छू रहे थे और शव पूरी तरह से काला पड़ चुका था, जो इस ओर इशारा करता है कि मौत कई दिन पहले हो चुकी थी। हैरानी की बात यह रही कि शव के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। स्थानीय पूर्व प्रधान शकील अहमद ने भी इस घटना को संदिग्ध और चौंकाने वाला बताया और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# नगर निगम में मिनट्स को लेकर पार्षदों का फूटा गुस्सा, आश्वासन के बाद भी नहीं मिली कॉपी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद में शुक्रवार को उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया जब कई पार्षद मिनट्स की कॉपी लेने अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर के कक्ष में पहुंचे, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी। दरअसल, 20 जुलाई को नगर आयुक्त द्वारा आयोजित बैठक में पार्षदों को एक पत्र सौंपा गया था, जिसमें यह स्पष्ट रूप से कहा गया था कि 25 जुलाई की सुबह 10:00 बजे तक महापौर कार्यालय में मिनट्स की कॉपी पहुंचा दी जाएगी। हालांकि, जब पार्षद आज निगम मुख्यालय पहुंचे और अपर नगर आयुक्त से मिनट्स के संबंध में जानकारी मांगी, तो उन्होंने कहा कि अभी तक फाइल पर हस्ताक्षर नहीं हुए हैं। इसी दौरान, पार्षदों ने उनके समक्ष मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संजीव सिंह को फोन किया, जिन्होंने कहा कि उन्होंने मिनट्स पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इस विरोधाभासी स्थिति ने पार्षदों के बीच भ्रम और रोष पैदा कर दिया। नगर आयुक्त से जब इस विषय में प्रतिक्रिया मांगी गई, तो उन्होंने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, जिससे पार्षदों में असंतोष और गहरा गया। पार्षदों ने शनिवार सुबह 11:00 बजे नगर आयुक्त से मिलने का समय मांगा है और तय किया है कि वे सभी एकजुट होकर उनके कार्यालय पहुंचेंगे और मिनट्स की कॉपी प्राप्त करने की मांग करेंगे। पार्षदों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि उन्हें उचित जवाब नहीं मिला, तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। आज इस मुद्दे को लेकर पार्षद नीरज गोयल, हिमांशु शर्मा, शिवम शर्मा, कन्हैयालाल, संतोष राणा, देवनारायण शर्मा, ओमप्रकाश सिंह, जगत सिंह नीलम, पूर्व पार्षद जाकिर सैफी सहित कई जनप्रतिनिधि नगर निगम कार्यालय में मौजूद रहे। नगर निगम में पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर जिस तरह की स्थिति सामने आई है, वह न केवल प्रशासनिक स्तर पर लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि जनप्रतिनिधियों की लगातार उपेक्षा की ओर भी संकेत करती है।

# डीएम ने आईजीआरएस बैठक में दिए सख्त निर्देश, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनता की शिकायतों का प्रभावी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है इसी उद्देश्य के साथ जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) से संबंधित शिकायतों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर शिकायत का न सिर्फ समयबद्ध, बल्कि गुणवत्तापूर्ण और समाधानकारी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को सिर्फ औपचारिक जवाब नहीं, बल्कि ऐसा हल मिलना चाहिए जिससे वह संतुष्ट हो। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन शिकायतों में स्थलीय जांच की आवश्यकता है, वहां टीम मौके पर जाकर वस्तुस्थिति का निरीक्षण करे और उसी के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि सभी विभाग लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा करें और अपनी जवाबदेही तय करें। हर अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि उसका विभाग द्धत्रक्रस्‍पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर देखे और समाधान का फीडबैक भी लिया जाए, जिससे शिकायतों की गुणवत्ता परखने का अवसर भी मिले। इस अवसर पर एडीएम एलए विवेक मिश्र, डीडीओ प्रज्ञा श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने दो टूक कहा कि प्रशासन की साख जनता के विश्वास से जुड़ी है और यदि किसी भी स्तर पर ढिलाई पाई गई तो जवाबदेही तय की जाएगी।